
हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

*राज्य युवा महोत्सव के शुभारंभ पर आयोजित डॉ. कुमार विश्वास एवं साथियों का कवि सम्मेलन स्थगित, सीएम साय और डिप्टी सीएम अरुण साव की उपस्थिति में हुई स्थगन की घोषणा*

# अलविदा

जन्म: 1 जनवरी 1937

निधन: 23 दिसंबर 2025



राजकीय सम्मान के साथ आज अंतिम संस्कार

हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध कवि-कथाकार शुक्ल का एम्स में निधन

# चला गया 'नौकर की कमीज' का जादूगर, 89 की उम्र में साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल ने ली अंतिम सांस

*भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का मंगलवार शाम यहां निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। उनके पुत्र शाश्वत शुक्ल ने बताया कि सांस लेने में तकलीफ होने के बाद शुक्ल को इस महीने की दो तारीख को रायपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया था। मंगलवार शाम 4.48 बजे में उन्होंने अंतिम सांस ली। शुक्ल के परिवार में उनकी पत्नी, बेटा शाश्वत और एक बेटी है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शुक्ल का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। अंतिम यात्रा बुधवार को सुबह 10.30 बजे उनके शैलेंद्र नगर निवास से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए प्रस्थान करेगी। अपने काव्य संग्रह और उपन्यासों से हिंदी पाठकों को हर बार चकित करने वाले विनोद कुमार शुक्ल ने अपनी संवेदनशील एवं 'जादुई यथार्थ' के आसपास वाली लेखन शैली से साहित्य जगत में एक विशिष्ट ▶▶| शेष पेज 6 पर

## अंतिम दिनों में भी करीब था कागज-कलम

अपने अंतिम दिनों में जब वह अस्पताल में भर्ती थे, तब भी उनके करीब कागज और कलम ही हुआ करता था। उनके पुत्र शाश्वत के मुताबिक अस्पताल में शुक्ल को ऑक्सीजन दिया जा रहा था और इसी हालत में उनका लेखन कार्य भी जारी था। इस वर्ष सितंबर माह में रायपुर में चौथे हिंद युग्म महोत्सव के दौरान शुक्ल को 30 लाख रुपए की रॉयल्टी का प्रतीकात्मक चेक दिया गया था जो चर्चा को ▶▶| शेष पेज 6 पर

## पीएम ने जताया गहरा दुःख

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विनोद कुमार शुक्ल के निधन पर शोक व्यक्त किया है।



अपने एक्स अकाउंट पर उन्होंने लिखा- ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात लेखक विनोद कुमार शुक्ल जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। हिन्दी साहित्य जगत में अपने अमूल्य योगदान के लिए वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

## सीएम ने दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, विनोद कुमार



शुक्लजी के निधन से प्रदेश को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने छत्तीसगढ़ का गौरव देश-दुनिया में बढ़ाया। छत्तीसगढ़ सरकार ने उनके अतुलनीय योगदान को समादर देते हुए उन्हें संपूर्ण राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दिए जाने का निर्णय लिया है।

आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹102749/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹125490/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹136984/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

aNaND Jewels
Pandri, Raipur

## खबर संक्षेप

### अंगीठी के धुएं से दम घुटने से पांच लोगों की मौत

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में एक होटल के कमरे में कथित तौर पर कोयले की अंगीठी से निकले धुएं के कारण कमरे में सो रहे उत्तर प्रदेश के चार मजदूरों और एक ठेकेदार की दम घुटने से मौत हो गई। पांच लोगों को सुबह एक बंद कमरे में मृत पाया गया। पुलिस को संदेह है कि कमरे के अंदर जल रही अंगीठी से निकले धुएं के कारण दम घुटने से उनकी मौत हुई। मारे गए लोग सहारनपुर से थे और जिला जेल के पास स्थित एक होटल में पेंटिंग का काम करने के लिए कुरुक्षेत्र आए थे।


# छग के 19 लाख मतदाता लापता, 6 लाख से ज्यादा की मौत, पौने दो लाख डुप्लीकेट

- एसआईआर... प्रारंभिक सूची में खुलासा, अब दावा आपत्ति के बाद 21 फरवरी को अंतिम प्रकाशन
- 22 जनवरी तक दावा आपत्ति, जिनके अधूरे फार्म, उनसे मांगे जाएंगे दस्तावेज, 21 फरवरी को अंतिम प्रकाशन
- 87 प्रतिशत लोगों ने भरे फार्म, 3 प्रतिशत की मौत, 9 प्रतिशत लापता, 1 प्रतिशत लोगों के नाम एक से अधिक स्थान पर

*भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत राज्य के मतदाताओं की स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। प्रारंभिक सूची में 19 लाख मतादाता लापता बताए गए हैं। छह लाख से ज्यादा की मौत हो चुकी है और डुप्लीकेसी के भी पौने दो लाख मामले आए हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में दो करोड़ 12 लाख से अधिक मतदाताओं का पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत सत्यापन में 1 करोड़ 84 लाख 95 हजार 920 लोगों ने फार्म भरकर जमा किए, जो कुल मतदाताओं का 87 प्रतिशत है। वहीं 19 लाख 13 हजार मतदाता दूसरी जगह शिफ्ट हो चुके हैं, जो बीएलओ को अपने पते पर नहीं मिले। उन्हें अनुपस्थित या शिफ्टेड मतदाता के रूप में चिन्हांकित किया गया है। यह कुल मतदाता का 9 प्रतिशत है। 6 लाख 42 हजार 234 की मौत हो चुकी है, जो कुल मतदाता का 3 प्रतिशत है। साथ ही 1 लाख 79 हजार 043 डुप्लीकेट पाए गए, जिनके नाम एक से अधिक स्थान पर हैं, यह कुल वोटर संख्या का 1 प्रतिशत है। ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित होने के ▶▶| शेष पेज 6 पर



## मतदाता इन माध्यमों से आवेदन कर सकते हैं

वोटर पोर्टल या ईसीनेट मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन, बीएलओ के पास ऑफलाइन माध्यम से, यदि किसी का नाम प्रारूप निर्वाचक सूची में जुड़ा नहीं हुआ है, तो निर्वाचक सूची में नाम जोड़ने के घोषणा पत्र के साथ फॉर्म 6 में आवेदन करना है। यदि गलती से सूची में पंजीकृत हो गया है, तो नाम हटाने या आपत्ति दर्ज करने के लिए फॉर्म 7 में आवेदन करना है। यदि निर्वाचक की प्रविष्टि में कोई संशोधन की आवश्यकता हो, तो घोषणा पत्र के साथ फॉर्म 8 में आवेदन करना है।

## ये है नियम, देनी होगी ये जानकारी

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के नियम के अनुसार यदि किसी मतदाता के सम्बन्ध में गणना प्रपत्र में दिए गए पिछले एसआईआर निर्वाचक नामावली के विवरण नहीं हैं या डेटाबेस से मेल नहीं खाते हैं, तो मतदाता रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ऐसे मतदाताओं को नोटिस देंगे। अपने विधानसभा क्षेत्र के मतदाता रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से नोटिस प्राप्त होने पर मतदाता को अलग-अलग श्रेणियों के अनुसार आवश्यक दस्तावेज देना होगा। यदि जन्म 1 जुलाई 1987 से पहले भारत में हुआ है, तो उसे अपनी जन्म तिथि और स्थान का प्रमाणपत्र देना होगा। यदि जन्म 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच भारत ▶▶| शेष पेज 6 पर

## सात राज्यों में कटे 2 करोड़ 70 लाख नाम

*चुनाव आयोग ने मंगलवार को एसआईआर की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की। इसमें मप्र से 42.74 लाख नाम हटाए गए हैं। इससे पहले चुनाव आयोग ने 7 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश- पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की थी। इन राज्यों में अलग-अलग कारणों से कुल 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा नाम हटाए गए थे। इनमें सबसे ज्यादा 97 लाख तमिलनाडु से फिर गुजरात से 73 लाख, बंगाल से 58 लाख और राजस्थान से 44 लाख नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में से बाहर किए गए हैं। पश्चिम बंगाल में 58 लाख 20 हजार 898 वोटरों के नाम हटाए गए। इनमें 24 लाख 16 हजार 852 नाम मृत वोटरों के हैं। राजस्थान की ड्राफ्ट लिस्ट में 41.85 लाख वोटर्स के नाम काटे गए हैं।*

*गोवा में 11.85 लाख मतदाताओं में से 10.84 लाख ने फॉर्म जमा किए। यहां 1 लाख से ज्यादा नाम हटे, जिनमें मृत, अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाता शामिल हैं। उत्तर गोवा में 44,639 और दक्षिण गोवा में 55,403 नाम हटाए गए। पुडुचेरी की ड्राफ्ट सूची से 1.03 लाख से ज्यादा नाम हटे हैं। अब कुल मतदाता 9.18 लाख रह गए हैं। लक्षद्वीप में 27 अक्टूबर तक कुल 58 हजार मतदाता दर्ज थे। ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद इनमें से 56,384 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल पाए गए हैं। यानी 1,616 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं।*





**हाईकोर्ट ने कहा- पेंशन से संबंधित नीतिगत निर्णय लेना संसद व राज्य सरकार का अधिकार क्षेत्र**

# अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों के सेवानिवृत्त शिक्षक सरकारी कर्मचारी नहीं, समान पेंशन की मांग खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने शासकीय अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों के सेवानिवृत्त शिक्षकों को सरकारी शिक्षकों के समान पेंशन देने की मांग से जुड़ी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि न्यायालय विधायिका को किसी विशेष कानून के निर्माण का निर्देश नहीं दे सकता और पेंशन से संबंधित नीतिगत निर्णय लेना संसद व राज्य सरकार का अधिकार क्षेत्र है।

दरअसल अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों के सेवानिवृत्त शिक्षकों ने हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिकाएं दायर कर यह मांग की थी कि उन्हें भी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की तरह पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभ दिए जाएं। उनका कहना था कि जब वेतन के मामले में उन्हें सरकारी शिक्षकों के बराबर माना जाता है, तो पेंशन से वंचित करना उनके साथ अन्याय और भेदभाव है। याचिकाओं में कहा गया कि पेंशन न देना संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 21 (गरिमा के साथ जीवन का अधिकार) का उल्लंघन है। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि उन्होंने दशकों तक सार्वजनिक शिक्षा के लिए सेवा दी, इसके बावजूद सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें किसी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल रही है।

### ग्रांट मिलने से सरकारी नहीं माने जा सकते

याचिकाकर्ताओं और शासन के तर्क सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि संबंधित स्कूल न तो सरकारी हैं और न ही वहां कार्यरत शिक्षक सरकारी कर्मचारी माने जा सकते हैं। केवल 100 प्रतिशत ग्रांट-इन-एड मिलने से शिक्षक सरकारी कर्मचारी नहीं बन जाते। कोर्ट ने कहा कि अनुदान का उद्देश्य स्कूलों का सुचारू संचालन है, न कि कर्मचारियों को पेंशन देना। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी उल्लेख किया कि इससे पहले वर्ष 2009 में स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन ने पत्र जारी कर ऐसी मांगों को खारिज कर दिया था, क्योंकि अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों के शिक्षकों को पेंशन देने का कोई वैधानिक प्रावधान नहीं है।

### कोई वैधानिक नियम भी मौजूद नहीं

हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता यह साबित करने में असफल रहे कि पेंशन लाभ देने के संबंध में कोई वैधानिक नियम मौजूद हैं। ऐसे में राज्य सरकार को नियम बनाने या पेंशन देने का निर्देश नहीं दिया जा सकता। सभी तथ्यों और पक्षकारों की दलीलों पर विचार करने के बाद हाईकोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों के सेवानिवृत्त शिक्षक सरकारी कर्मचारी नहीं हैं, इसलिए उन्हें शासकीय शिक्षकों के समान पेंशन देने का कोई वैधानिक आधार नहीं बनता। इसी आधार पर अदालत ने पेंशन की मांग से जुड़ी सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया।

# शीतकालीन अवकाश में खुला हाईकोर्ट, 6 महीने की प्रेग्नेंट रेप पीड़िता को अबार्शन की अनुमति

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने रेप पीड़ति किशोरी का अबॉर्शन कराने की अनुमति दी है। जस्टिस पीपी साहू ने शीतकालीन अवकाश के बीच संवेदनशील मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर रायपुर स्थित डॉ. बीआर अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल एवं पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज को निर्देश दिया है कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में पीड़िता का गर्भपात कराया जाए। साथ ही भ्रूण का डीएनए सुरक्षित रखने के भी निर्देश दिए हैं।

दरअसल, रायपुर जिले की एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को प्यार में फंसाकर आरोपी युवक ने शादी करने का झांसा दिया। फिर उसके साथ रेप किया। लड़की के परिजनों को तब संदेह हुआ जब बच्ची के पेट का आकार बढ़ने लगा। पूछताछ पर नाबालिग ने पूरी घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परेशान परिजन उसे डॉक्टर के पास लेकर गए, जहां जांच के बाद पता चला कि किशोरी 6 महीने की गर्भवती है। पीड़ित लड़की ने अपने परिजन के माध्यम से हाईकोर्ट में गर्भपात कराने की अनुमति मांगी। कोर्ट ने 19 दिसंबर को बीआर अंबेडकर अस्पताल और जेएनएम मेडिकल कॉलेज को नोटिस जारी कर मेडिकल रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे।

**पीड़िता को भविष्य तय करने का मिले अधिकार- हाईकोर्ट**

रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि गर्भपात से पीड़िता को कोई गंभीर चिकित्सकीय जोखिम नहीं है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए शीतकालीन अवकाश के बावजूद विशेष कोर्ट गठित कर इस मामले की सुनवाई की गई। जस्टिस पी.पी. साहू ने याचिका स्वीकार करते हुए गर्भपात कराने की अनुमति दे दी है।

### भ्रूण का डीएनए सैंपल सुरक्षित रखा जाए

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि, दुष्कर्म पीड़िता को यह आजादी और अधिकार मिलना चाहिए कि वह स्वयं तय करे कि वह गर्भावस्था जारी रखना चाहती है या उसे समाप्त करना चाहती है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता की गर्भपात की अनुमति मांगने वाली याचिका स्वीकार की जाती है। हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि पीड़िता और उसके परिजन अस्पताल अधीक्षक, स्त्रीरोग विशेषज्ञ और संबंधित मेडिकल कॉलेज प्रशासन से संपर्क कर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करे। गर्भपात की प्रक्रिया मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट, 1971 के प्रावधानों के तहत, दो पंजीकृत चिकित्सकों एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में कराई जाएगी। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य की जांच और ट्रायल को ध्यान में रखते हुए भ्रूण का डीएनए सैंपल सुरक्षित रखा जाए।

# हाईकोर्ट ने कहा- केवल पैसे बरामद होने से रिश्वत का अपराध साबित नहीं होता, ठोस सबूत भी जरुरी

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि भ्रष्टाचार के केस में केवल पैसे बरामद होने से अपराध सिद्ध नहीं होता बल्कि, रिश्वत की मांग और स्वीकारोक्ति को ठोस कानूनी सबूतों के साथ साबित करना चाहिए। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने 10 हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोपी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की सजा को निरस्त करते हुए उसे दोष मुक्त कर दिया है।

दरअसल, बस्तर जिले के कोकनपुर में पदस्थ रहे तत्कालीन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बसंत कुमार सिखेरिया पर आरोप था कि उन्होंने किसान मकसूदन से ट्यूबवेल सब्सिडी प्रकरण को आगे बढ़ाने के बदले 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। किसान की शिकायत पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने 18 मार्च 2015 को ट्रैप कर आरोपी अधिकारी को गिरफ्तार किया था। जांच के बाद विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), कांकेर में चालान पेश हुआ, जिसके बाद ट्रॉयल चला। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए धारा 7 पीसी एक्ट में 4 साल की सजा और धारा 13(1)(डी) सहपठित 13(2) में 5 साल की सजा सुनाई थी। आरोपी ने विशेष कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में अपील की। याचिका में कहा गया कि सब्सिडी का पूरा प्रकरण पहले ही उच्च अधिकारियों को भेजा जा चुका था। आरोपी के पास सब्सिडी स्वीकृत करने की कोई अधिकारिता नहीं थी। कथित रिश्वत मांग के समय कोई काम लंबित भी नहीं था। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य (ऑडियो रिकॉर्डिंग) बिना धारा 65-बी प्रमाणपत्र के पेश किए गए, जो कानूनन अमान्य हैं। ऐसे में विशेष कोर्ट ने इन सभी तथ्यों को ध्यान दिए बगैर ही दोष सिद्ध तय कर दिया।

**10 हजार की रिश्वत लेने वाले अधिकारी की सजा 10 साल बाद रद्द**

### जांच और ट्रैप कार्रवाई में कई खामियां

जस्टिस बीडी गुरु की सिंगल बेंच केस की सुनवाई के बाद कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में रिश्वत की मांग और स्वीकारोक्ति साबित होना अनिवार्य है। केवल पैसा बरामद होने से अपराध सिद्ध नहीं होता। शिकायतकर्ता की गवाही में गंभीर विरोधाभास हैं। कोर्ट ने माना कि ऑडियो रिकॉर्डिंग को कानून के अनुसार प्रमाणित नहीं किया गया। जांच और ट्रैप कार्रवाई में कई प्रक्रियात्मक खामियां सामने आईं। वहीं, हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि जब मांग ही संदेह के घेरे में हो, तो दोष सिद्ध कायम नहीं रह सकती। इसके बाद हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई दोषसिद्धि और सजा को रद्द कर दिया।

## खबर संक्षेप

### ड्रग सप्लायर समेत पांच गिरफ्तार, इनमें एक किशोरी भी शामिल

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने आठ लाख रुपए की कोकीन जब्त करने के बाद अब साढ़े तीन लाख रुपए की 10 ग्राम घातक तथा प्रतिबंधित एमडीएमए ड्रग्स जब्त करते हुए एक किशोरी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई पिछले दिनों सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के आधार पर की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी उक्त मादक पदार्थ नए साल में खपाने के साथ सेवन करने के लिए तस्करी कर लाए थे। पुलिस ने पराग बरछा उर्फ रघु, शुभम राजू धावड़े, अमन शर्मा, शुभम सिंघनापुरे उर्फ आर्यन तथा एक किशोरी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने कैश 20 हजार रुपए भी जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों तक एमडीएमए की खेप नागपुर के रास्ते पहुंची थी। एमडीएमए के साथ पुलिस ने आरोपियों को राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के वरण अपार्टमेंट के एक फ्लैट में नशा करते हुए गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान पुलिस को सभी के पास से एमडीएमए ड्रग बरामद हुई। पूछताछ में पराग तथा उसके साथियों ने पुलिस को बताया कि उन्हें मादक पदार्थ नागपुर निवासी शुभम राजू धावड़े रायपुर लाकर देता था। स्थानीय स्तर पर पराग मुख्य सप्लायर है।

### मोक्षित की बिगड़ी सीबीसी मशीन को सुधारकर चलाने दिल्ली की कंपनी राजी

**रायपुर।** घोटाला खुलने के बाद राज्य के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में लॉक एवं रीएजेंट के अभाव में बंद पड़ी मोक्षित कार्पोरेशन की चंदा-9904 मॉडल को सुधारने के बाद चलाने के लिए दिल्ली की एक डायग्नोसिस कंपनी राजी हो गई है। दावा आपत्ति की प्रक्रिया के बाद संबंधित कंपनी को एलिजेबल माना गया है और आने वाले दिनों में अन्य प्रक्रिया पूरी होने के बाद इससे जांच शुरू होने की उम्मीद है। मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर ब्लड सेल काउंटर सहित अन्य जांच की सुविधा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा करीब 38 करोड़ की लागत से सीबीसी मशीन खरीदी गई थी। बाद में यह पता चला कि खरीदी का यह मामला एक बड़े घोटाले का हिस्सा था। मामला खुलने के बाद मोक्षित कार्पोरेशन की मशीनें लॉक कर दी गई थी, वहीं संबंधित प्रोडक्ट का रीएजेंट नहीं मिलने की वजह से उसके माध्यम से जांच भी प्रभावित हो गया था।

## नड्डा या सबूत दें या अपने बयान के लिये माफी मांगें

# नड्डा ने स्तरहीन बयान देकर झीरम के शहीदों का किया अपमान

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

भाजपा अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा द्वारा झीरम हमले के संबध में दिये गये बयान पर झीरम हमले के प्रभावितों ने राजीव भवन में नड्डा पर हमला बोला। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने कहा, झीरम में नड्डा का बयान आपत्तिजनक है तथा नड्डा के बयान के लिये उनका नार्को टेस्ट किया जाना चाहिये। मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह, मुकेश गुप्ता का भी नार्को टेस्ट होना चाहिये, ताकि हकीकत सामन आये। नड्डा ने शहीदों का अपमान किया है।

उन्होंने कहा, जेपी नड्डा ने राजनीतिक बयानबाजी के लिए सारी मर्यादा को तार-तार किया है। कांग्रेस ने झीरम हमले में अपने नेताओं की पूरी एक पीढ़ी को खोया है और उस समय राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी। भाजपा केंद्र में पिछले बारह साल से सरकार में है। एनआईए ने तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह से पूछताछ क्यों नहीं की? रमन सिंह का नार्को टेस्ट करवा लिया जाए झीरम का पूरा सच सामने आ जायेगा। क्यों एनआईए आज तक झीरम हमले के दोषियों तक नहीं पहुंच पायी? जेपी नड्डा इस प्रकार का बयान दे रहे हैं, उनके पास तथ्यात्मक आधार क्या है, एनआईए को उनसे पूछताछ करनी चाहिए। जीरम प्रभावित शिव सिंह ठाकुर ने कहा, भाजपा की तत्कालीन सरकार ने जानबूझकर कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा को सुरक्षा नहीं दी थी। भाजपा के इशारे पर ही सुरक्षा हटाई गयी थी तथा कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हमला हुआ था।

### भाजपा का पलटवार, झीरम हमले के बाद कांग्रेस के लोग अपनों पर संदेह कर रहे- डॉ. मिश्रा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने झीरम घाटी हमले में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के कथन को सत्य बताते हुए कहा, भाजपा पूरी तरह अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के कथन के पक्ष में खड़ी है। उन्होंने संवाददताओं से चर्चा करते हुए कहा, झीरम हमले के बाद कांग्रेस के लोग अपने ही नेताओं पर संदेह कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस और नक्सलियों के दोस्ताना रिश्तों को लेकर भाजपा का एकदम साफ रुख रहा है।

### जस्टिस प्रशांत मिश्रा कमेटी की रिपोर्ट विधानसभा में क्यों नहीं रखी?

डॉ. मिश्रा ने कहा, जब झीरम घाटी मामले की जांच के बाद जस्टिस प्रशांत मिश्रा के नेतृत्व वाले न्यायिक जांच आयोग ने अपनी रिपोर्ट सौंपी, तब कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार ने विधानसभा के पटल पर वह रिपोर्ट नहीं रखी और बाद में अपनी ओर से इस मामले में एक जांच कमेटी बना दी। उन्होंने जानना चाहा कि ऐसा करके भूपेश सरकार किसे बचाने का प्रयास कर रही थी? यदि न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट में सब ठीक था और कांग्रेस झीरम काण्ड के आरोपी नक्सलियों पर कार्रवाई चाहती थी, तो रिपोर्ट विधानसभा में क्यों नहीं रखी गई? उन्होंने पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर भी कटाक्ष किया कि वे सबूत जेब में लेकर चलने की बातें भर करते रहे, लेकिन वे सबूत आज तक जेब से बाहर नहीं निकले। झीरम घाटी काण्ड के तुरंत बाद कांग्रेस नेता चरणदास महंत को कवासी लखमा से यह कहते सुना गया था कि 'तुम उसे वहां लेकर क्यों गए थे? 'महंत-लखमा की चर्चा से जुड़े एक वायरल हुए वीडियो के बाद कांग्रेस के लोग ही कह रहे हैं कि मामले में कहीं-न-कहीं कोई गड़बड़ है।

### नड्डा के पास साक्ष्य है तो पुलिस को दें- अनिता

पूर्व विधायक अनिता शर्मा ने कहा, हमारे जख्मों पर नमक छिड़क कर उनकी सरकार ने जीरम की जांच को रोक रखा है। नड्डा स्तरहीन बयान दे रहे, वे केन्द्रीय मंत्री हैं, उन्होंने संविधान की शपथ ली है, उनके पास साक्ष्य है, तो उसे जिम्मेदार एजेंसी पुलिस को साक्ष्य देना चाहिये। वे स्तरहीन बयान दे रहे, हमने अपना सर्वस्व खोया है, वे हमारे ऊपर ही आरोप लगा रहे हैं। उनके बयानों के आधार पर उनसे पूछताछ की जाये। जो भी आरोपी हों उनकी गिरफ्तारी की जानी चाहिये।

### सच रोकने भाजपा ने किया ऐसा षड्यंत्र- सुशील

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा ने झीरम का सच रोकने कदम-कदम पर षड़यंत्र किया। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद झीरम हमले की जांच के लिये एसआईटी का गठन किया था, लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार ने एनआईए से झीरम की फाइल एसआईटी को नहीं देने दी। एनआईए को हाईकोर्ट ने भी राज्य की एसआईटी को फाइल देने का आदेश दिया, तब एनआईए सुप्रीम कोर्ट अपील में चली गई, पांच साल की अदालती लड़ाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर 2023 को एनआईए की अपील खारिज करते हुये कहा, छत्तीसगढ़ सरकार की एसआईटी झीरम मामले की जांच कर सकती है, एनआईए फाइल वापस करे। सुप्रीम कोर्ट के फैसला आने तक राज्य में सरकार बदल गयी थी। कांग्रेस मांग करती है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा गठित एसआईटी के द्वारा मामले के षड़यंत्रों की जांच शुरू करें।

# पूर्व सीएम बघेल ने सरकार की नीति और मंशा पर उठाए सवाल



हरिभूमि न्यूजः रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों, महिलाओं और आम जनता से जुड़े मुद्दों पर राज्य सरकार और केंद्र सरकार पर हमला किया। उन्होंने कहा, प्रदेशभर से धान खरीदी में गड़बड़ियों की शिकायतें मिल रही हैं। एग्रीस्टेक में पंजीयन नहीं होने से हजारों किसानों का लाखों हेक्टेयर रकबा कट गया है। वनग्राम और पट्टाधारी किसानों का धान नहीं खरीदा जा रहा। उन्होंने राज्य सरकार की नीति और मंशा पर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा, सरकार जानबूझकर रकबा घटाने की कोशिश कर रही है और हजारों किसानों से धान का समर्पण कराया गया है। आरओ नहीं कटने के कारण धान का उठाव नहीं हो पा रहा। भूपेश बघेल ने मांग की है कि किसानों और सभी राजनीतिक दलों की मौजूदगी में धान खरीदी केंद्रों का भौतिक सत्यापन कराया जाए। उनका दावा है कि हर केंद्र से कम से कम 500 कट्टा अतिरिक्त धान निकलेगा, क्योंकि किसानों का एक किलो तक अतिरिक्त धान तौला जा रहा है।

### कांकेर धर्मांतरण मामले में राजनीति न हो

कांकेर में धर्मांतरण के मुद्दे पर हुए बंद और चैंबर ऑफ कॉमर्स के समर्थन को लेकर भूपेश बघेल ने कहा, कांग्रेस जबरिया धर्मांतरण के बिल्कुल खिलाफ है। इसमें किसी तरह का संदेह नहीं होना चाहिए, लेकिन इस मुद्दे पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। सर्व समाज का बंद और चैंबर का समर्थन यूं ही नहीं है, इसके पीछे भी कारण हैं। बंद 24 घंटे का हो या उससे अधिक, लेकिन असली मुद्दा समाधान का होना चाहिए।

### महतारी गौरव वर्ष पर सवाल, महिला योजनाओं का जिक्र

राज्य सरकार द्वारा अगले वर्ष को महतारी गौरव वर्ष घोषित किए जाने पर उन्होंने कहा, पहले यह बताया जाए कि महतारी के साथ सरकार का व्यवहार कैसा है। राशन कार्ड से 30 लाख महिलाओं के नाम काट दिए गए हैं। गोधन न्याय योजना और रीपा बंद हो चुकी हैं, बिहान की हालत भी खराब है और स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार बढ़ेंगे।

### झीरम घाटी कांड, भाजपा पर नक्सली साठगांठ का आरोप

जेपी नड्डा के झीरम घाटी कांड पर दिए बयान पर पलटवार करते हुए भूपेश बघेल ने कहा, नक्सलियों से साठगांठ भाजपा की रही है। एकात्म परिसर में नक्सली लेवी मांगने आते थे, यह बात भाजपा भूल गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि एनआईए को ठीक से जांच क्यों नहीं करने दी गयी, इसका जवाब नड्डा को देना चाहिए।

### चैतन्य बघेल चार्जशीट पर सवाल

चैतन्य बघेल के खिलाफ कोर्ट में पेश चार्जशीट को लेकर उन्होंने कहा, छह सप्लीमेंट्री चार्जशीट में उनका नाम नहीं था और अब अचानक सेंसेशन पैदा करने की कोशिश की जा रही है। किसी और के व्हाट्सएप चैट और पप्पू बंसल के बयान को आधार बनाया जा रहा है। पप्पू बंसल फरार है या गिरफ्तार, यह स्पष्ट नहीं किया जा रहा और चालान में उसका बयान भी शामिल नहीं है। उन्होंने कहा, सीडी कांड में भी उन्हें इसी तरह बदनाम किया गया था।

### एसआईआर ड्राफ्ट रोल और नाम कटने का मुद्दा

छत्तीसगढ़ में एसआईआर के ड्राफ्ट रोल प्रकाशन और लाखों लोगों के नाम कटने के मामले पर भूपेश बघेल ने कहा कि देश में कई तरह के गठबंधन हैं। निर्वाचन आयोग और भाजपा गठबंधन से सवाल है कि बताएं इसमें कितने रोहिंग्या और कितने बांग्लादेशी हैं।

## संशोधित प्रवेश नियम के खिलाफ न्यायालय में मामला, मार्च में प्रस्तावित है सुनवाई

# मेडिकल पीजी प्रवेश की पहली सूची में 273 नाम

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

मेडिकल कालेजों की शासकीय कोटे की पीजी सीटों पर प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने पहली आबंटन सूची जारी कर दी है। शेड्यूल के मुताबिक पहले राउंड का प्रवेश 24 से 28 दिसंबर तक पूरा किया जाएगा। आवंटन सूची में 273 लोगों को संशोधित नियम के हिसाब से सीटें अलॉट की गई हैं। संशोधित नियम के खिलाफ न्यायालय में मामला लंबित है जिस पर सुनवाई मार्च 2026 में होगी। इसे ध्यान में रखते हुए काउंसिलिंग प्रक्रिया को हाईकोर्ट के निर्णय के अधीन रखा गया है।

राज्य कोटे की सीट को आधा-आधा बांटने के संशोधित नियम के खिलाफ चिकित्सा छात्रों ने न्यायालय की शरण ली थी। इसकी वजह से 10 दिसंबर को मेरिट सूची के प्रकाशन के बाद काउंसिलिंग प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी। 13 दिन बाद काउंसिलिंग प्रक्रिया में प्रथम दौर की आबंटन सूची जारी कर दी गई है। यह फैसला अभ्यर्थियों के शैक्षणिक हितों और चिकित्सा परामर्श समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित अनिवार्य समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। मंगलवार को जारी की गई सूची में 273 अभ्यर्थियों को शासकीय और निजी मेडिकल कालेजों की सीटें अलॉट की गई हैं। पहले राउंड में दस्तावेजों की जांच और प्रवेश की प्रक्रिया 24 से 28 दिसंबर तक पूरी की जाएगी। सीटों का आबंटन करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी ने संशोधित नियम का पालन किया है। इसमें राज्य की कोटे पचास फीसदी सीट इंस्टिट्यूशनल कोटा और पचास प्रतिशत सीट ओपन मेरिट के आधार भरी जाएंगी। राज्य काउंसिलिंग समिति ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान काउंसिलिंग प्रक्रिया एवं इसके अंतर्गत किए गए सभी सीट आबंटन उक्त रिट याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगे। साथ ही, सभी संबंधित हितधारकों एवं अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे राज्य काउंसलिंग समिति द्वारा समय-समय पर जारी की जाने वाली आधिकारिक सूचनाओं पर सतत रूप से नजर बनाए रखें।

**273 सीटों का आवंटन, 24 से 28 दिसंबर तक स्क्रूटनी और प्रवेश**



### यह है मामला

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने हाईकोर्ट में लगी याचिका पर आए निर्णय के बाद मेडिकल कालेजों की शासकीय पीजी सीटों को दो भागों में बांटकर एडमिशन देने का संशोधित नियम बनाया। इस नियम से स्थानीय छात्रों का अहित होने का तर्क देते हुए चिकित्सा छात्रों ने हाईकोर्ट की डबल बेंच के समक्ष वाद प्रस्तुत किया। साथ ही एक आवेदन सुप्रीम कोर्ट में लगाया गया। उच्चतम न्यायालय ने प्रकरण में पारित निर्णय के संबंध में हाईकोर्ट स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश शासन को दिया है।

बिलासपुर

बुधवार, 24 दिसंबर 2025

पौष शुक्ल पक्ष चतुर्थी

वर्ष : 25, अंक : 271

पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 4.00***


मौसम

अधि. 27.2

न्यून. 12.4


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


# बांग्लादेशी का शक, पुलिस ने रायपुर से 1000 को उठाया, जांच में 100 को संदिग्ध माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

संदिग्ध बांग्लादेशियों की पतासाजी करने जून के बाद पुलिस ने ऑपरेशन समाधान के तहत एक बार पुनः जांच अभियान तेज किया है। इसी कड़ी में रायपुर पुलिस राजधानी सहित जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मंगलवार तड़के 4 बजे करीब एक हजार संदिग्धों को उनके घरों में दबिश देकर, सोते हुए उठाकर पुलिस लाइन लेकर पहुंची और उनके दस्तावेजों की जांच की। संदिग्धों को उठाए जाने के लेकर पुलिस के अफसर कुछ ▶▶|शेष पेज 6 पर

## एसआईआर में गड़बड़ी मिलने पर की गई जांच






### बुजुर्ग से लेकर नौकरीपेशा तक से पूछताछ

*पुलिस जिन लोगों को संदिग्ध मानते हुए पूछताछ करने पुलिस लाइन लेकर आई थी, उनमें 70 साल के बुजुर्ग से लेकर नौकरीपेशा तक शामिल हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस एक कांग्रेसी नेता के भाई को भी पूछताछ करने के नाम पर अपने साथ उठाकर ले आई थी।*

### समझ नहीं आया उठाने का कारण

*पूछताछ करने के नाम पर पुलिस कड़ाके की ठंड में जिन लोगों को पूछताछ करने पुलिस लाइन लेकर पहुंची, उनको भी अपने उठाए जाने का कारणों का पता नहीं था। लोग पुलिस अफसरों से पूछते रहे, लेकिन अफसर भी उन लोगों को कारण नहीं बता रहे थे। इसके लिए लोग परेशान होते रहे।*



## सड़क पर बांग्लादेश के झंडे मिले, पुलिस ने कहा- प्रदर्शनकारियों ने फेंके

राजधानी रायपुर में एक ओर जहां मंगलवार को रायपुर पुलिस ने रोहिंग्या-बांग्लादेशी की घुसपैठ की आशंका पर सरप्राइज जांच अभियान चलाकर कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, वहीं दूसरी ओर शहर के पुराना फायर ब्रिगेड चौक के पास मुख्य सड़क पर कई जगह पर बांग्लादेश के झंडे मिले, जिसे लेकर कुछ घंटे के लिए पुलिस महकमे में हड़कंप भी मचा रहा, लेकिन जब पड़ताल की, तो पता चला कि ये वही झंडे हैं, जिसका विरोध करते हुए हिंदू संगठनों ने सोमवार को शहर जयस्तंभ चौक से लेकर अन्य कई जगहों पर प्रदर्शन किया था। पुलिस का कहना है कि प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन करने के बाद इन झंडों को सड़क पर फेंक दिया होगा। पुराना फायर ब्रिगेड चौक के पास मुख्य सड़क पर आज कई जगहों पर बांग्लादेश के कागज वाले झंडे मिले। इनमें से कई झंडे सड़क पर चिपके हुए ▶▶|शेष पेज 6 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 24 वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को प्रख्यात खगोल



भौतिक विज्ञानी जयंत नार्लीकर को ब्रह्मांड विज्ञान में उनके योगदान तथा विज्ञान को लोकप्रिय बनाने को लेकर मरणोपरांत विजयन रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया।

### एक परिवार के चार सदस्य घर पर मृत मिले

**कन्नूर।** उत्तरी केरल के कन्नूर जिले में एक परिवार के चार सदस्य अपने घर में मृत पाए गए। पुलिस ने बताया कि 38 वर्षीय व्यक्ति, उसकी 60 वर्षीय मां और उसके पांच एवं दो साल के दो बच्चों के शव सोमवार को रामंथली स्थित उनके घर में मिले। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार व्यक्ति और उसकी मां फंदे से लटके पाए गए, जबकि छोटे बच्चे फर्श पर मिले।

### ब्रिटिश एयरवेज की उड़ान को मिली बम की धमकी

**हैदराबाद।** लंदन से हैदराबाद आ रही ब्रिटिश एयरवेज़ की एक उड़ान को बम की धमकी मिली। इसके



बाद विमान के यहां उतरने पर हवाई अड्डा अधिकारियों ने मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल अपनाए। हवाई अड्डे की ग्राहक सेवा को सोमवार को हीथ्रो से हैदराबाद आ रही बीए 277 उड़ान में बम की धमकी वाला एक ईमेल मिला।

### सीजीएसटी अधीक्षक 5 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मुंबई में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर के एक अधीक्षक को एक निजी कंपनी से 98 लाख रुपये के कर की मांग की धमकी देकर पांच लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मुंबई के सीजीएसटी-1 में अधीक्षक के पद पर तैनात अंकित अग्रवाल ने कंपनी से 20 लाख रुपए की मांग की थी।

## आज से 27 दिसंबर तक चार राज्यों में बारिश का अलर्ट

# उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड, हर तरफ घने कोहरे की चादर, दिल्ली में उड़ानों पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में पड़ाहों पर बर्फबारी के चलते मैदानी राज्यों में तेज सर्दी पड़ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 24, 25, 26 और 27 दिसंबर को देश के कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश के लिए मानसून का सीज़न काफी अच्छा रहा और अच्छी बारिश देखने को मिली। मानसून के जाने के बाद हिमाचल प्रदेश में कुछ समय के लिए बारिश का सिलसिला थम गया, लेकिन अब राज्य में एक बार फिर बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

■ रेल पर भी कोहरे का असर



उत्तर भारत में सर्दी अब अपने पूरे तेवर दिखा रही है। घना कोहरा और शीतलहर लोगों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। दिल्ली में कोहरे के कारण विजिबिलिटी काफी कम रही। इसके कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर 270 उड़ानों में देरी हुई, वहीं 10 उड़ानें रद्द कर दी गईं। इस बीच मौसम विभाग ने उत्तर भारत के 4 राज्यों में बारिश की भी चेतावनी जारी की गई है। पहाड़ी राज्यों में भारी बर्फबारी से मुश्किलें बढ़ने वाली है। हरियाणा, राजस्थान और पंजाब में मौसम बिगड़ने वाला है।

### दिल्ली में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर

दिल्ली वासियों की मंगलवार सुबह की शुरुआत दम घोंटू हवा के साथ हुई और पूरे शहर में घना कोहरा तथा धुंध छायी रही। शहर में 27 निगरानी स्टेशन पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 (गंभीर श्रेणी) के पार चला गया। कई अन्य स्थानों पर यह 'अत्यंत गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया, जिससे राजधानी निवासियों को बेहद खतरनाक प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है।



### छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिन शीतलहर

छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश और राजस्थान में मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन सुबह और रात में ठंड का असर साफ दिखेगा। कुछ जगहों पर हल्का कोहरा भी हो सकता है। अगले तीन दिनों के लिए शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में सुबह के समय कोहरा छा सकता है। ठंडी हवाओं के साथ तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। पूर्वोत्तर राज्यों में भी मौसम सामान्य से ठंडा रहेगा। तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में मौसम ज्यादातर सामान्य रहेगा। कुछ तटीय इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है, जबकि सुबह और शाम हल्की ठंड महसूस होगी।

### इन राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

मौसम अब अलग खेल दिखाएगा। ऐसे में मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है कि 24, 25, 26 और 27 दिसंबर को कर्नाटक, उत्तराखंड, लद्दाख, अंडमान-निकोबार, पुडुचेरी और कराईकल में रुक-रुककर भारी बारिश होगी। केरल, तमिलनाडु के कुछ जिलों में भी बारिश की संभावना है।

### 22 शहरों में घने कोहरे की चेतावनी

मौसम विभाग ने 24 दिसंबर को उत्तर और पूर्वी भारत के 22 शहरों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के मुताबिक बिहार के पटना, गया, पूर्णिया, भागलपुर, खगड़िया, बेगूसराय और दरभंगा में घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। झारखंड के रांची में भी घने कोहरे से दृश्यता 50 मीटर तक पहुंच जाएगी।

## घटना के लिए दोषी अफसरों के निलंबन की मांग

# सर्व समाज ने किया आज छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान, चैंबर का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सर्व समाज ने बुधवार 24 दिसंबर को छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया है। इस बंद को राज्य के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन चैंबर ऑफ कॉमर्स का एक दिन पहले ही समर्थन मिल चुका है। सर्व समाज संगठन ने बंद के संबंध में कहा है कि प्रदेश में लगातार उत्पन्न हो रही सामाजिक अशांति, जनजातीय आस्था पर आघात तथा संगठित रूप से पैदा किए जा रहे सांस्कृतिक टकराव के विरोध में छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया गया है। यह बंद पूर्णतः शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक दायरे में आयोजित किया जाएगा, जिसमें सर्व समाज के विभिन्न सामाजिक, जनजातीय एवं नागरिक मंगल सहभागिता करेंगे। इस मामले को लेकर यह आंदोलन खड़ा करने वाले संगठन सर्व समाज ने अपनी कुछ मांगे भी रखी हैं। ▶▶|शेष पेज 6 पर

■ कांकेर के आमाबेड़ा में आदिवासी और ईसाई समुदाय में टकराव

### कांकेर के आमाबेड़ा की घटना है वजह

कांकेर जिले के आमाबेड़ा में पिछले दिनों हुए विवाद के बाद तनाव हिंसा की घटनाओं के विरोध में यह बंद रखा गया है, लेकिन सर्व समाज संगठन के लोगों का कहना है कि कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र में हाल ही में घटित घटना कोई पहली या एकमात्र घटना नहीं है। इस प्रकार की घटनाएं इससे पूर्व भी छत्तीसगढ़ के ना सिर्फ जनजातीय एवं ग्रामीण अंचलों में सामने आती रही हैं, बल्कि कई बार मैदानी क्षेत्रों में भी विवाद की ▶▶|शेष पेज 6 पर

## विवाद के बाद हुई घटना, पुलिस जांच में जुटी

# चौथे माले से गिरने के बाद नाईजीरियन युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/ भिलाई

निजी विवि रायपुर में पढ़ने वाले नाइजीरियन युवक की नया रायपुर स्थित एक अपार्टमेंट के चौथे माले से गिरने से मौत हो गई। खबर है कि घटना से पहले विदेशी मूल की एक छात्रा से बदसलूकी को लेकर विवाद हुआ था। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक छात्र का नाम सैम है, जो नाइजीरिया का रहने वाला था। उक्त विवि में एमबीए सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहा था। छत से गिरने के बाद सैम के शरीर में कई हिस्सों में चोटें आई हैं। पुलिस ने साउथ सूडान निवासी नोई कोंडेट और उसकी गर्लफ्रेंड फेथ को गिरफ्तार किया है। ▶▶|शेष पेज 6 पर



### जांच में पहुंची थी मंदिर हसौद पुलिस

नाइजीरियन युवक के मौत मामले में मंदिर हसौद की पुलिस भिलाई पहुंची थी। इस दौरान घटना के समय मौके पर मौजूद रहे युवक, युवती अपने दोस्त के पास पहुंचे थे। पुलिस ने नोई कोंटेड, फेथ नामक युवक युवतियों को हिरासत में लेकर रायपुर ले जाया गया। जहां पूछताछ की जा रही है। मामले में ▶▶|शेष पेज 6 पर

## एच-1 बी वीजा संकट

# गूगल-माइक्रोसॉफ्ट ने कर्मियों के लिए जारी की चेतावनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गूगल, एप्पल और माइक्रोसॉफ्ट ने अपने ऐसे कर्मचारी जो वीजा पर काम कर रहे हैं। उन्हें अर्जेंट चेतावनी जारी की है, कर्मचारियों को हर कीमत पर इंटरनेशनल ट्रैवल से बचने को कहा है। ये एडवाइजरी, जो कंपनियों के लीगल और इमिग्रेशन पार्टनर्स की तरफ से इंटरनल मेमो के जरिए भेजी गई थीं, ऐसे समय में आई हैं जब दुनिया भर में अमेरिकी एम्बेसीज ने अपॉइंटमेंट में 12 महीने तक की ऐतिहासिक देरी की रिपोर्ट दी है।




### ऐप्पल का नोटिस

एप्पल के कर्मचारियों से कहा है कि जिनके पास वैध वीजा स्टैम्प नहीं है, वे अभी अमेरिका से बाहर न जाएं। अगर वे बाहर गए, तो अमेरिका लौटते समय अचानक और काफी ज्यादा देरी हो सकती है। फर्म जोर देकर सलाह दे रही है कि यात्राओं के लिए दोबारा अमेरिका में एंट्री करने के लिए नया वीजा स्टैम्प चाहिए।

# पौने दो करोड़ रुपए के ईनामी 22 नक्सलियों ने छोड़ा हिंसा का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

सुकमा जिला के पड़ोसी जिला मलकानगिरी ओडिशा में मंगलवार को माओवादी संगठन के तीन स्पेशल जोनल कमेटी सदस्यों के साथ 22 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया है। ओडिशा के डीजीपी के समक्ष सरेंडर करने वाले नक्सलियों में अधिकतर नक्सली केरलापाल एरिया कमेटी के बताए जा रहे है। वहीं दोरनापाल एलओएस के कमांडर भी शामिल हैं। सरेंडर करने वाले नक्सलियों ने अपने साथ एक एके 47 राइफल, दो इंसास, एक एसएलआर समेत 9 हथियार अपने साथ लाए। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### डीजीपी के समक्ष किया सरेंडर



### घर के अलावा विवाह के लिए मिलेगा 25 हजार

सरेंडर करने वाले प्रत्येक को पच्चीस हजार रुपये की तत्काल वित्तीय सहायता दी गई है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार की पुनर्वास योजना के अनुसार अतिरिक्त लाभ भी प्रदान किए जाएंगे। आर्योदय गृह योजना के अंतर्गत घर उपलब्ध कराना, पात्र मामलों में विवाह सहायता के रूप में पच्चीस हजार रुपये, अधिकतम छत्तीस महीनों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण और दस हजार रुपये का मासिक मानदेय दिया जाएगा।

## याचिका खारिज हत्या करने वालों पर चलेगा केस

# अखलाक लिंचिंग केस : यूपी सरकार को तगड़ा झटका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ग्रेटर नोएडा के चर्चित अखलाक लिंचिंग केस में यूपी सरकार को तगड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेने से जुड़ी सरकार की याचिका खारिज कर दी है। सूरजपुर कोर्ट में मंगलवार को अभियोजन पक्ष ने लिंचिंग केस वापस लेने का पक्ष रखा। कोर्ट उसकी दलीलों से संतुष्ट नहीं हुआ। कोर्ट ने साफ कहा कि केस वापसी के लिए लगाई गई अर्जी में कोई ठोस कानूनी आधार नहीं है। कोर्ट ने साथ ही कहा कि आरोपियों के खिलाफ चल रही कानूनी न्यायिक प्रक्रिया चलती रहेगी। अगली सुनवाई 6 जनवरी, 2026 को होगी। कोर्ट ने मामले में रोज सुनवाई की बात कही है।



**यूपी सरकार का तर्क :** यूपी सरकार के वकील ने इसी साल अक्टूबर में अखलाक लिंचिंग केस में कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि मुकदमा वापसी से सामाजिक सौहार्द बहाल होगा। गवाहों को सुरक्षा दी जाए अभियोजन पक्ष को आगे गवाहों के बयानदर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। कोर्ट ने साथ ही पुलिस कमिश्नर और डीसीपी ग्रेटर नोएडा को निर्देश दिया कि अगर गवाहों को सुरक्षा की जरूरत है, तो उन्हें दी जाए।

## छत्तीसगढ़ स्किल टेक में बोले मुख्यमंत्री साय

# छत्तीसगढ़ में कौशल-एकीकृत औद्योगिक विकास को मिल रही गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भविष्य-उन्मुख कौशल विकास के साथ औद्योगिक विकास को सुदृढ़ रूप से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास विभाग एवं वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ स्किल टेक का आयोजन किया गया। यह उद्योग-केंद्रित निवेश कार्यक्रम प्रधानमंत्री सेतु योजना के अंतर्गत कौशल विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, छत्तीसगढ़ का विकास ▶▶|शेष पेज 6 पर



### कौशल-आधारित औद्योगिक विकास की धुरी बना गेल का प्रोजेक्ट

निवेश प्रतिबद्धताओं में गेल का प्रस्तावित गैस-आधारित उर्वरक संयंत्र राज्य के लिए एक प्रमुख एवं सबसे बड़े औद्योगिक प्रस्तावों में से एक के रूप में उभरकर सामने आया। लगभग 10,500 करोड़ रुपये के प्रथम चरण निवेश तथा 1.27 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष यूरिया उत्पादन क्षमता के साथ यह परियोजना छत्तीसगढ़ को देश के डाउनस्ट्रीम पेट्रोकेमिकल एवं उर्वरक मानचित्र पर सशक्त रूप से स्थापित करेगी।

### 200 से अधिक परियोजनाओं में निवेश

उल्लेखनीय है कि पिछले एक वर्ष में छत्तीसगढ़ को 200 से अधिक परियोजनाओं के माध्यम से 7.83 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से लगभग 50 प्रतिशत परियोजनाएं कार्यान्वयन चरण में प्रवेश कर चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि कार्यान्वयन में चल रही परियोजनाओं में से 58 प्रतिशत राज्य द्वारा चिन्हित प्राथमिक (थ्रस्ट) क्षेत्रों से संबंधित हैं। ये निवेश राज्य के 26 जिलों में फैले हुए हैं, जो क्षेत्रीय संतुलन एवं औद्योगिक विविधीकरण पर छत्तीसगढ़ सरकार के विशेष फोकस को दर्शाता है।




## चिंतन

# बांग्लादेश संकट को भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाए

बांग्लादेश इस समय हिंसा, अराजकता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। वहां हिंदू समुदाय पर लगातार बढ़ते अत्याचार भारत की चिंताओं को बढ़ा रहे हैं। मंदिरों पर पथराव और हिंदुओं के घरों में आगजनी जैसी घटनाएं हिंदू समाज के बीच दहशत पैदा कर रही हैं। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में सत्ता की बागडोर संभालने वाले मुहम्मद यूनुस बुरी तरह विफल साबित हुए हैं। यहां हिंदू समुदाय पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे। मंदिरों पर पथराव, घरों में आगजनी, महिलाओं पर अत्याचार जैसी घटनाएं अब रोजमर्रा की हकीकत बन चुकी है। ऐसे समय में भारत को इस मामले को लेकर कूटनीतिक कदम उठाने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह मुद्दा उठाया जाना चाहिए। भारत ने बांग्लादेश सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पड़ोसी देश में हालात इतने खराब हो चुके हैं कि वहां 'लोकतंत्र का स्थान भीड़तंत्र ने ले लिया है। वहीं, अब भारत में भी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। कोलकाता और नई दिल्ली में बांग्लादेशी उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन जारी है। इससे घबराए बांग्लादेश मिशन ने नई दिल्ली और अगरतला में अपने सभी काउंसलर और वीजा सर्विस को बंद कर दिया। कोलकाता में भी वीजा के लिए आवेदन केंद्र को बंद करने का फैसला लिया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने राजनयिक मिशनों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को लेकर भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया और और उन्हें नई दिल्ली, कोलकाता और अगरतला स्थित बांग्लादेशी उच्चायोग की सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी ली। हालांकि देखा जाए तो यह संकट कोई नया नहीं है। 1947 के बंटवारे के समय बंगाल के पूर्वी हिस्से में हिंदू अल्पसंख्यक सुरक्षित थे, लेकिन पाकिस्तान बनने के बाद उत्पीड़न शुरू हो गया। 1971 के युद्ध में भारत ने 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों को हराकर बांग्लादेश को आजादी दिलाई। इंदिरा गांधी की दूरदर्शिता ने करोड़ों हिंदुओं को बचाया, लेकिन आजादी के बाद की सरकारों ने हिंदुओं को अधिकारों से वंचित रखा। वक्फ कानून के तहत उनकी जमीनें हड़पी गईं। आंकड़े बताते हैं कि बांग्लादेश में हिंदू आबादी कभी 22 प्रतिशत थी, जो आज घटकर महज 8 प्रतिशत रह गई है। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद भी इस समुदाय पर अत्याचार जारी रहा। शेख हसीना ने कुछ सुरक्षा दी, लेकिन उनके खिलाफ भड़के आक्रोश ने अल्पसंख्यकों को और असुरक्षित कर दिया। आज वहां कट्टरपंथी ताकतें हावी हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक अगस्त 2024 से नवंबर 2025 तक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की 2,000 से अधिक घटनाएं दर्ज की गईं। इन हालातों ने पूरे दक्षिण एशिया की सुरक्षा और मानवीय मूल्यों पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। कट्टरपंथी ताकतों के बेकाबू होने, भीड़ हिंसा की घटनाओं में बढ़ोतरी और कानून-व्यवस्था के चरमराने से सबसे अधिक असुरक्षा का वातावरण अल्पसंख्यकों में है। चटगांव की हृदयविदारक घटना ने इस सच्चाई को और भी निर्मम रूप में उजागर कर दिया, जहां मामूली विवाद को धार्मिक रंग देकर एक निर्दोष व्यक्ति को भीड़ के हवाले कर दिया गया और उसे पेड़ से बांधकर जिंदा जला दिया गया। यह घटना केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी है कि जब कट्टरता को खुली छूट मिलती है तो मानवता सबसे पहले मरती है।



बांग्लादेश हिंसा
योगेंद्र माथुर

# भारत के धैर्य और कूटनीति की परीक्षा

बांग्लादेश के ताजा हालात के पीछे भी षड्यंत्र की बू आ रही है। पाकिस्तान के नए नवेले चीफ ऑफ डिफेंस फॉर्स आसिम मुनीर के मार्गदर्शन में आईएसआई व बांग्लादेश की जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के साथ चीन और कुछ अन्य देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से भारत विरोधी षड्यंत्र का जाल बुनने में भूमिका निभा रहे हैं। भारत के विकास की राह को बाधित कर भारत को रूस की तरह लंबे युद्ध में उलझाने के प्रयास हो रहे हैं। इसके बावजूद बांग्लादेश पर कार्रवाई न करने के पीछे संभवतः भारत की यह सोच भी काम कर रही है कि पड़ोस में एक ओर शत्रु बनाना उचित नहीं है। भारत कोई जल्दबाजी या हड़बड़ाहट न दिखाते हुए कदम फूंक-फूंक कर रख रहा है और धैर्यपूर्वक इस स्थिति से निपटने पर मंथन कर रहा है।

बांग्लादेश हिंसा की आग में धधक रहा है। सड़कों पर उपद्रवियों का कब्जा है और चारों तरफ अराजकता का माहौल दिखाई दे रहा है। गत वर्ष अगस्त में प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्ता पलट के बाद यह दूसरा अवसर है जब समूचा बांग्लादेश अनियंत्रित उपद्रवियों के कब्जे में आ गया दिखता है। ताजा हिंसा का कारण छात्र नेता व इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी को 12 दिसंबर को गोली मारने और 18 दिसंबर को सिंगापुर में उनकी मौत होना बताया जा रहा है। उस्मान हादी गत वर्ष जुलाई में शेख हसीना सरकार के विरुद्ध हुए आंदोलन व तख्तापलट के सूत्रधार नेताओं में प्रमुख नेता थे।

उस्मान हादी ने ही भारत विरोधी बयान देते हुए भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर क्षेत्र को काटकर सेवन सिस्टर्स (पूर्वोत्तर के 7 राज्य-अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड व त्रिपुरा) को बांग्लादेश में मिलाने और ग्रेटर बांग्लादेश या सल्तनत-ए-बांग्ला बनाने की बात कही थी। हादी ने इस सिराजुद्दौला साम्राज्य प्लान का एक नक्शा और वीडियो भी जारी किए थे। हादी के नेतृत्व में ही अगस्त 2024 में शेख हसीना के कथित छात्र विरोधी निर्णय के विरोध और संविधान में संशोधन की मांग को लेकर शुरू हुआ छात्र आंदोलन पहले कथित जेन जी आंदोलन में बदला था। जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के लिए देश में शरीयत का कानून लागू करने के मंसूबों को अंजाम देने का यह सुनहरा अवसर मालूम हुआ था और वे भी इस हिंसा व अराजकता फैलाने वालों की उन्मादी भीड़ में चेहरे छुपाकर शामिल हो गए थे। आंदोलनकारियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के निवास सहित सरकारी इमारतों, स्मृति चिन्हों व नेताओं को निशाना बनाया था। प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने पद से त्यागपत्र देकर देश छोड़कर भारत में शरण लेना पड़ी थी। उस समय सेना व कुछ विपक्षी नेताओं के दखल के बाद आंदोलन समाप्त हुआ और नोबेल पुरस्कार प्राप्त मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार सत्ता पर काबिज हुई थी। यूनुस का रवैया सदैव भारत विरोधी ही देखा गया है, लेकिन सब कुछ जानते-समझते हुए भी भारत द्वारा यूनुस सरकार से मधुर संबंध बनाने की कवायदें बीते समय में की जाती रहीं। लेकिन यूनुस के व्यवहार में बदलाव नजर नहीं आया। उनके शासन में भारत विरोधी षडयंत्र व प्रयास होते रहे।

गत नवंबर माह में ही शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई गई थी और उसके बाद यूनुस ने भारत से हसीना को वापस बांग्लादेश भेजने की मांग की थी। शेख हसीना के तख्ता पलट के बाद बांग्लादेश के हालत और भारत के साथ संबंधों को लेकर विगत दिनों विदेश मामलों की संसद की स्थायी समिति भी चिंता जता चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली समिति ने कई देशों का दौरा किया था। बाद में संसद में पेश रिपोर्ट में समिति ने चेतावनी दी कि बांग्लादेश की बदलती राजनीतिक स्थिति भारत के लिए 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद सबसे गंभीर रणनीतिक चुनौती बन गई है। बांग्लादेश में हुई विगत वर्ष व ताजा, दोनों दौर की हिंसा के पीछे मुख्य निशाना भारत ही रहा है। वहां दुष्प्रचार किया जा रहा है कि उस्मान हादी की हत्या के पीछे भारत दोषी है और उनके हत्यारे भी भारत के



सहयोग से भागने में सफल रहे हैं या भारत में छुपे हुए हैं। हालांकि भारत इस बात को खारिज कर चुका है, लेकिन वहां सक्रिय जमाते इस्लामी के कट्टरपंथी, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और अन्य भारत विरोधी विदेशी शक्तियां इस आग को भड़काने में लगी हैं। पूरी तरह से अगस्त 2024 की हिंसा व अराजकता का दोहराव होता हुआ दिख रहा है।

बांग्लादेश की इस स्थिति पर मोहम्मद यूनुस ने अब तक किसी प्रकार का खेद नहीं जताया है। स्पष्ट मालूम पड़ता है कि मोहम्मद यूनुस कट्टरपंथियों के साथ-साथ भारत विरोधी विदेशी ताकतों के हाथों में खेल रहे हैं। इधर प्रश्न उठाया जा रहा है कि भारत हस्तक्षेप क्यों नहीं कर रहा? इसका जवाब पाने के लिए हमें समझना बहुत जरूरी है कि भारत आज दुनिया की एक तेजी से उभरती आर्थिक शक्ति है। दुनिया की कई महाशक्तियां, पड़ोस में बैठे दुश्मन और कट्टरपंथी भारत के तेजी से हो रहे उभार को पचा नहीं पा रहे हैं और भारत को विकास की राह से डिगाने के षडयंत्र रचे जा रहे हैं। बांग्लादेश के ताजा हालात के पीछे भी षडयंत्र की बू आ रही है। यहां पाकिस्तान के नए नवेले चीफ ऑफ डिफेंस फॉर्स आसिम मुनीर के मार्गदर्शन में आईएसआई व बांग्लादेश की जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के साथ चीन और कुछ अन्य देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से भारत विरोधी षडयंत्र का जाल बुनने में भूमिका निभा रहे हैं। भारत के विकास की राह को बाधित कर भारत को रूस की तरह लंबे युद्ध में उलझाने के प्रयास हो रहे हैं। हादी की मौत पर जिस प्रकार अमेरिका सहित विभिन्न देशों ने शोक जताया है, उससे आसानी से समझा जा सकता है कि भारत विरोधी षड्यंत्रकारियों के तार कहां-कहां जुड़े हुए हैं। दूसरी बात यह समझने की है कि बांग्लादेश हमारा परंपरागत शत्रु नहीं है बल्कि उसके साथ हमारे संबंध हर तरह से मधुर व सहयोगपूर्ण ही रहे हैं। हमारे ही सैन्य हस्तक्षेप व सहायता से पूर्वी पाकिस्तान सन 1971 में बांग्लादेश के रूप में अस्तित्व में आया है। शेख हसीना को अपदस्थ करने के पीछे भारत से निकटता भी एक वजह मानी गई है। हालांकि खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की सरकार भी वहां सत्ता में आने पर बांग्लादेश से हमारे संबंध दोस्ताना भले ही नहीं रहे हों, शत्रुतापूर्ण भी नहीं रहे हैं। पड़ोसी देश होने के नाते भारत ने बांग्लादेश को समय-समय पर सहयोग व सहायता ही दी है। संभवतः इसीलिए पड़ोसी देश के हालात भारत के लिए चिंताजनक होते हुए भी भारत, बांग्लादेश में यथासंभव सैन्य हस्तक्षेप करने व संघर्ष जैसी अन्य अप्रिय स्थिति से बचने की कोशिश कर रहा है। बांग्लादेश पर कोई सख्त कार्रवाई न करने के पीछे संभवतः भारत की यह सोच भी काम कर रही है कि पड़ोस में एक ओर शत्रु बनाना भारत की सुरक्षा व हितों के मान से उचित नहीं है। हालांकि भारतीय राजनयिकों व बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा के संदर्भ में भारत ने वहां की सरकार के सामने अपना विरोध दर्ज करा दिया है और इन्हें पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। दूसरी ओर स्थिति पर भारत पैनी दृष्टि लगाए हुए है और समयोचित सतर्कता व सुरक्षा उपायों की समीक्षा भी लगातार की जा रही है।

देखा जाए तो यह समय भारत की सुरक्षा के साथ विदेश नीति व कूटनीति की परीक्षा का समय है। समझा जा सकता है कि भारत इस संवेदनशील स्थिति में कोई जल्दबाजी या हड़बड़ाहट न दिखाते हुए कदम फूंक-फूंक कर रख रहा है और धैर्यपूर्वक इस स्थिति से निपटने या भारत के हितों के अनुकूल समाधान के लिए कूटनीतिक व अन्य वैकल्पिक उपायों पर मंथन किया जा रहा है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में सोच समझ कर कदम उठाने में ही भारत का हित है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



तमिलनाडु के थेनी जिले में स्थित मेघामलाई एक खूबसूरत पहाड़ी शहर है जिसे लोकप्रिय रूप से हाईवेविस पर्वत भी कहा जाता है। तमिलनाडु के सबसे खूबसूरत हिल्स स्टेशन में से एक के रूप में जाना जाने वाला मेघामलाई हिल्स स्टेशन प्राकृतिक सुंदरता का भंडार है।


## प्रसन्नता बन जाए परमात्मा



संकलित
**दर्शन**

व्यक्ति का चित्त प्रसन्न रहे तो परमात्मा के दर्शन हो जाएं। यह प्रसन्नता ही परमात्मा बन जाए। मगर आज के भागदौड़ भरे और तनाव के दौर में यह प्रसन्नता आए कैसे? तमाम लोग पैसा कमाने की भागदौड़ में लगे हैं। कोई भी ग्रंथ हो, धर्म हो, अध्यात्म हो, पैसा कमाने के लिए मना नहीं करता, लेकिन धन कमाते हुए भी यदि प्रसन्नता नहीं है तो कहीं पर ठहर कर कुछ विचार तो करना ही चाहिए। कथाओं में एक बात मैं अक्सर कहता रहता हूं। हमारे ग्रंथों में अपनी कुल आय का दशांश निकालने पर बल दिया गया। दशांश यानी जो भी आप महीने में कमा रहे हैं, उसका दस प्रतिशत हिस्सा समाज के लिए, जरूरतमंद लोगों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। आप दो लाख रुपये कमा रहे हैं तो 20 हजार निकाल दें। आपको लगता है कि 20 हज़ार ज्यादा हैं, आप नहीं निकाल पाएंगे तो एक लाख ही कमाएं। फिर दस हजार ही निकालने होंगे। आपाधापी में लोग प्रसन्न रहना तो जैसे भूलते जा रहे हैं। अध्यात्म में प्रसन्न रहने का बहुत महत्व बताया गया है। हर व्यक्ति को प्रसन्न रहना चाहिए, क्योंकि प्रसन्नता परमात्मा तक पहुंचने का द्वार है। हमें प्रसन्न रहते हुए स्वयं की खोज करनी चाहिए। हम दूसरों को ढूंढ़ने और उनमें कमियां व खूबियाँ खोजने में लगे रहते हैं। एक नजर हमें खुद पर भी डालनी चाहिए। व्यक्ति स्वयं की खोज करें, समाज की सेवा करे और परमात्मा से प्रेम करे, उसका भजन करें, आज के समय में प्रसन्न रहने के लिए यह पर्याप्त है। बहुत ज्यादा साधनों में उलझने की आवश्यकता नहीं है।

## हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
**प्रेरणा**

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

**जयंती विशेष**
अमित जोगी



# दो जन्मतिथियां, एक संदेश मसीह और बाबा गुरु घासीदास

दिसंबर का महीना हमें एक दुर्लभ और अर्थपूर्ण संयोग की याद दिलाता है। 18 दिसंबर को हम बाबा गुरु घासीदास जयंती मनाते हैं और 25 दिसंबर को क्रिसमस- प्रभु यीशु मसीह के जन्म का उत्सव। भिन्न भूगोल और संस्कृतियों में जन्मे इन दोनों महान आत्माओं के जीवन और संदेश में एक गहरी और आश्चर्यजनक समानता दिखाई देती है, जो आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। यीशु मसीह और बाबा गुरु घासीदास दोनों ही समाज के सबसे उपेक्षित और वंचित वर्गों के बीच प्रकट हुए। न उन्होंने सत्ता की खोज की, न शस्त्र उठाए, और न ही किसी प्रकार के बल या दमन का सहारा लिया। फिर भी उनका नैतिक प्रभाव असाधारण था। उनकी शक्ति उनके चरित्र, सत्य के प्रति अडिग निष्ठा और अत्यंत सरल जीवन से उत्पन्न हुई। यही कारण है कि लोग स्वेच्छा से उनके पीछे चले।

सुसमाचार में वर्णित है कि यीशु लोगों को इसलिए चकित करते थे क्योंकि वे "अधिकार के साथ" उपदेश देते थे- बिना भय और बिना दबाव के। औपनिवेशिक काल के ब्रिटिश प्रशासनिक अभिलेख बाबा गुरु घासीदास के संदर्भ में लगभग यही बात कहते हैं। उनमें यह उल्लेख मिलता है कि उनके अनुयायी दंड के भय से नहीं, बल्कि अंतरात्मा की पुकार से उनकी आज्ञा मानते थे। यह नैतिक अधिकार दोनों महान व्यक्तित्वों की साझा विशेषता थी।

दोनों के कार्य का मूल उद्देश्य उद्धार था। मसीह ने उन लोगों का उद्धार किया जिन्हें समाज ने हाशिये पर डाल दिया था और गरिमा, समानता तथा प्रेम पर आधारित एक नए नैतिक समुदाय की स्थापना की। बाबा गुरु घासीदास ने भी यही किया। उन्होंने उन लाखों लोगों को आत्मसम्मान और पहचान दी, जिन्हें सदियों से इससे वंचित रखा गया था। उन्होंने केवल अन्याय का विरोध नहीं किया, बल्कि समाज को भीतर से रूपांतरित किया। इसी गहरी समानता के कारण औपनिवेशिक काल के ईसाई मिशनरियों ने, सैद्धांतिक मतभेदों के बावजूद, बाबा की शिक्षाओं को praeparatio evangelica कहा- अर्थात सुसमाचार के लिए पूर्व-तैयारी। धर्मशास्त्रीय भाषा में यह एक महत्वपूर्ण स्वीकारोक्ति थी, जो यह दर्शाती है कि नैतिकता और एकेश्वरवाद की दृष्टि से बाबा की शिक्षाएँ मसीही मूल्यों के अत्यंत समीप थीं।

पूर्ण अभिसरण में बाधा नैतिक दूरी नहीं, बल्कि इतिहास की परिस्थितियाँ थीं। उन्नीसवीं सदी में ईसाई धर्म औपनिवेशिक सत्ता के साथ जुड़कर आया, जिससे वह कई भारतीयों को मुक्ति के बजाय शासक का धर्म प्रतीत हुआ। इस राजनीतिक छाया ने उस गहरे आध्यात्मिक साम्य को ढक दिया, जो दोनों परंपराओं के बीच स्पष्ट रूप से मौजूद था।फिर भी समानता असंदिग्ध है। बाइबिल के मसीह से परिचित ब्रिटिश पर्यवेक्षकों ने बाबा गुरु घासीदास के जीवन में मसीह-सदृश गुण देखे। जैसे मसीह ने उन लोगों का उद्धार किया जो ईसाई कहलाए, वैसे ही बाबा ने उन असंख्य लोगों का उद्धार किया जिन्हें मनुष्य होने का अधिकार तक नहीं मिला था। दोनों ने ऐसे समुदायों का निर्माण किया जो पहली बार ईश्वर और समाज के सामने आत्मविश्वास के साथ खड़े हो सके। इसलिए दिसंबर केवल दो महान जन्मतिथियों का स्मरण नहीं है। यह हमें यह भी याद दिलाता है कि महान आत्माएँ अलग-अलग सांस्कृतिक संदर्भों में जन्म लेकर भी एक ही सत्य का संदेश देती हैं। गुरु घासीदास जयंती और क्रिसमस को साथ स्मरण करना परंपराओं को मिलाना नहीं, बल्कि उस साझा नैतिक प्रकाश को पहचानना है, जो सत्य, गरिमा और सबसे कमजोर के उद्धार का मार्ग दिखाता है।

*-ये लेखक के अपने विचार हैं।*

## अंतर्मन




### आज की पाती

**देश-समाज को जगाने वालों पर सवाल क्यों?**

किसी भी जीवंत समाज की पहचान यह नहीं होती कि वह कितनी परंपराओं का पालन करता है, बल्कि यह होती है कि वह परंपराओं को कितनी विवेकपूर्ण दृष्टि से देखता है। इतिहास गवाह है कि जिन समाजों ने प्रश्न पूछने वालों को सम्मान दिया, वही आगे बढ़े, और जिन्होंने उन्हें दबाने की कोशिश की, वे जड़ता और पतन का शिकार हुए। आज जब कोई व्यक्ति, संगठन या विचारक अंधविश्वास, पाखंड और झूठ के खिलाफ आवाज़ उठाता है, तो उसके इरादों पर सवाल खड़े कर दिए जाते हैं। उसे धर्म-विरोधी, संस्कृति विरोधी या समाज विरोधी ठहराने की कोशिश की जाती है। यह प्रवृत्ति स्वयं में एक गंभीर प्रश्न है- आखिर समाज को जगाने वालों पर सवाल क्यों? आस्था और अंधविश्वास का फर्क समझना जरूरी है।

*– विवेक उपाध्याय, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# सूडान के पीएम का अमेरिका से संघर्ष विराम का आग्रह


सूडान के प्रधानमंत्री ने प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल के साथ लगभग 1,000 दिनों से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए सोमवार को एक शांति पहल का प्रस्ताव रखा लेकिन अमेरिका ने दोनों पक्षों से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के तत्काल मानवीय संघर्षविराम के आह्वान को स्वीकार करने का आग्रह किया। सूडान की असैन्य सरकार का नेतृत्व कर रहे कामिल इदरीस ने सुरक्षा परिषद को बताया कि उनकी योजना में संयुक्त राष्ट्र, अफ्रीकी संघ और अरब लीग की निगरानी में संघर्षविराम, अर्धसैनिक बलों की उनके कब्जे वाले सभी इलाकों से वापसी, उन्हें निगरानी वाले शिविरों में रखा जाना और उनका निरस्त्रीकरण शामिल है। अप्रैल 2023 में सूडान में उस समय अराजकता पैदा हो गई थी जब सेना और शक्तिशाली अर्धसैनिक 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' के बीच सत्ता संघर्ष खुली लड़ाई में बदल गया और इस दौरान बड़े पैमाने पर हत्या एवं बलात्कार की घटनाएं हुईं तथा जातीय आधार पर हिंसा हुई। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूहों के अनुसार यह युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध की श्रेणी में आता है। यह असंभव प्रतीत होता है कि 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' प्रधानमंत्री के इस प्रस्ताव का समर्थन करेगी क्योंकि इस प्रस्ताव से सरकारी बलों को मूलतः जीत मिल जाएगी।



## ऑफ बीट

# आपदा के समय घरेलू बैटरियां हो सकती हैं बेहद उपयोगी

आमतौर पर लोग घरेलू बैटरियों का इस्तेमाल बिजली बिल घटाने के लिए करते हैं। दिन में सौर ऊर्जा या सस्ती ग्रिड बिजली को जमा कर ऐसे समय पर उपयोग किया जाता है जब बिजली आपूर्ति महंगी या कठिन हो रही हो। केंद्र सरकार की 'चीपर होम बैटरीज़ प्रोग्राम' के तहत पांच महीनों में 1.46 लाख से अधिक बैटरियां लग चुकी हैं। लक्ष्य 2030 तक 10 लाख नई बैटरियां लगाने का है और हाल में कार्यक्रम का बजट बढ़ाया गया है। 2017 में प्यूर्टो रिको में आए तूफान मारिया के बाद सौर ऊर्जा और बैटरी की संयुक्त प्रणाली से बच्चों के एक अस्पताल में बिजली बहाल की गई थी। कैलिफोर्निया में 2025 की भीषण जंगल की आग के दौरान बैटरी समर्थित माइक्रोग्रिड ने जरूरी सेवाओं को चालू रखा। चक्रवात अल्फ्रेड के समय दक्षिण-पूर्व क्वींसलैंड में कुछ इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों ने अपनी कारों से घर के जरूरी उपकरण चलाए। ये उदाहरण दिखाते हैं कि घरेलू बैटरियां और स्थानीय ऊर्जा भंडारण समुदायों के लिए जीवनरेखा बन सकते हैं। बैटरियां 'आइलैंडिंग' मोड में ग्रिड से कटकर आवश्यक घरेलू उपकरण चला सकती हैं। कुछ प्रणालियां आपदा के समय राहत शिविरों या अस्थायी आवासों में रोशनी, रेफ्रिजरेशन और संचार जैसी जरूरतें भी पूरी कर सकते हैं।



## ट्रेंड

### अत्यंत दुःख हुआ



ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात लेखक विनोद कुमार शुक्ल जी के निधन से अत्यंत दु:ख हुआ है। हिन्दी साहित्य जगत में अपने अमूल्य योगदान के लिए वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### चौधरी चरण सिंह को नमन



देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें सादर नमन। यह दिन राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में उस विचारधारा का स्मरण है, जिसने किसान को नीति और राष्ट्र के केंद्र में रखा।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### देश हित में वीबी-जी राम जी



'यह कानून देश हित में उपयोगी है, क्योंकि यह खेती करने वाले समुदाय को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाता है। जहां 'वीबी-जी राम जी' मजदूरों के उत्थान का पूरा ध्यान रखता है, वहीं यह किसानों पर भी ध्यान केंद्रित करता है और सुनिश्चित करता है कि खेती के लिए पर्याप्त मजदूर मिलें। **-शिवराज सिंह चौहान, कृषि मंत्री**

### किसान दिवस की बधाई



किसानों, गरीबों एवं वंचितों के मसीहा कहे जाने वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। देश के सभी किसान भाइयों को किसान दिवस की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

**-प्रियंका गांधी, कांग्रेस सांसद**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com




# उद्धव-राज मिलकर लड़ेंगे बीएमसी चुनाव, सीट-शेयरिंग पर लगी मुहर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र में अगले महीने होने वाले बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) चुनाव के लिए शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के बीच गठबंधन को अंतिम रूप देने के लिए गहन बातचीत हो चुकी है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की मनसे के नेताओं का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच बातचीत समाप्त हो चुकी है, लेकिन अब तक गठबंधन की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। हालांकि, सीट बंटवारे को लेकर बातचीत फाइनल मानी जा रही है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे से मुलाकात की। मनसे नेता बाला नंदगांवकर भी उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री में उनसे मिलने गए थे। दोनों नेता अपने-अपने पार्टी प्रमुखों के विश्वसनीय सहयोगी हैं। सूत्रों के अनुसार, दोनों पक्ष दादर, सेवरी, विक्रोली और भांडुप जैसे उन क्षेत्रों में चुनाव लड़ने को लेकर किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाए हैं, जहां दोनों दलों को समर्थन प्राप्त है।

**जल्द होगा गठबंधन का आधिकारिक ऐलान, अगले माह होना है चुनाव**

**जिन सीटों पर दोनों दलों को समर्थन प्राप्त है उसे लेकर अटका था मामला**



## स्थानीय निकाय चुनाव के नतीजों का असर

महाराष्ट्र में पिछले सप्ताह हुए स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन ने 288 पदों में से 207 पर कब्जा जमाया। यह विपक्ष के सामने आने वाली चुनौती को दर्शाता है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने मात्र 9 सीटें जीतीं। एकनाथ शिंदे की भाजपा से गठबंधन वाली शिवसेना ने 53 सीटें हासिल कीं। इन नतीजों को अगले महीने होने वाले बृहन्मुंबई नगर निगम चुनाव में महायुति की जीत का ट्रेलर माना जा रहा है।

## पुणे में कांग्रेस संग मिलकर चुनाव लड़ेंगे अजीत पवार!

महाराष्ट्र निकाय चुनाव में गठबंधन धुंधले पड़ गए हैं और कहें कि गठबंधन की खिचड़ी पक गई है तो गलत नहीं होगा। दरअसल निकाय चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है, लेकिन अभी तक उम्मीदवारों के नामों का एलान नहीं हुआ है। गठबंधन भी तय नहीं हैं। एनसीपी प्रवक्ता आनंद परांजपे ने दावा किया है कि ठाणे में भाजपा और शिवसेना के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर हो रही बातचीत में उन्हें (एनसीपी) आमंत्रित नहीं किया गया है। ऐसे में एनसीपी ने अकेले दम पर चुनाव लड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया है।



### पुणे में कांग्रेस से भी गठबंधन की चर्चा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतेज पाटिल ने मंगलवार को दावा किया कि अजित पवार ने उनसे संपर्क किया है और पुणे निकाय चुनाव में एनसीपी और कांग्रेस के गठबंधन में चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर की। पाटिल ने कहा कि वे इस बात को प्रदेश नेतृत्व और स्थानीय स्तर के नेताओं के सामने उठाएंगे। हालांकि पाटिल ये भी कहा कि कांग्रेस, महाविकास अघाड़ी के घटक दलों के साथ चुनाव लड़ने के लिए तैयार है।

भगोड़े कारोबारी माल्या को मुंबई हाईकोर्ट ने दिया करारा झटका


# 'पहले भारत आइए, तभी करेंगे आपकी याचिका पर सुनवाई'

एजेंसी ▸▸ मुंबई

देश में भगोड़े घोषित कारोबारी विजय माल्या को मंगलवार को बॉम्बे हाईकोर्ट से करारा झटका मिला है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने विजय माल्या को स्पष्ट कर दिया है कि जब तक वह कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में नहीं लौट जाते तब तक उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं की जाएगी। हाईकोर्ट ने विजय माल्या को निर्देश दिया है कि वह हलफनामे में बताएं कि वह भारत कब लौटेंगे इसके बाद ही अदालत एफईओ एक्ट, 2018 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई करेगी। बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश जस्टिस चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अंखड की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, 'हमने यह आदेश पारित किया है कि एफईओ एक्ट की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर तब तक सुनवाई नहीं की जानी चाहिए, जब तक याचिकाकर्ता खुद को इस कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में पेश नहीं कर देता।' माल्या पर आरोप है कि उन्होंने अपनी किंगफ़िशर एयरलाइन कंपनी के लिए बैंकों से क़र्ज़ लिया और उसे बिना चुकाए वो विदेश चले गए। क़र्ज़ की यह रकम क़रीब 10 हज़ार करोड़ रुपए बताई जाती है।

## माल्या पर कर्ज लेकर पैसे न लौटाने का है आरोप





### माल्या की ओर से यह तर्क

इससे पहले माल्या की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट अमित देसाई ने कोर्ट से कहा कि माल्या ने सभी वित्तीय देनदारी खत्म कर दी है। 'हम इन सभी मामलों को खत्म करना चाहते हैं और अपनी देनदारियों को पूरा करना चाहते है।' इस पर जजों ने चुटकी लेते हुए कहा, 'कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में पेश हुए बिना आपराधिक देनदारी को कैसे खत्म किया जा सकता है?'

### ईडी ने जताया कड़ा विरोध

वहीं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका का कड़ा विरोध करते हुए तर्क दिया कि भगोड़ों को देश की अदालतों के सामने पेश हुए बिना किसी एक्ट की वैधता को चुनौती देने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। तुषार मेहता ने कहा कि एफईओ एक्ट यह सुनिश्चित करने के लिए है कि भगोड़े अपराधी कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग ना करें और अपने वकीलों के माध्यम से याचिकाएं दायर करके भारतीय अदालतों के अधिकार क्षेत्र में पेश होने से इनकार करते हुए देश से दूर रहने की कोशिश ना करें।

### अगली सुनवाई 12 फरवरी को

इस दौरान जजों ने बताया कि माल्या ने एक और याचिका भी दायर की है। दरअसल विजय माल्या ने खुद को उन्हें भगोड़ा घोषित करने वाले आदेश के खिलाफ एक वैधानिक अपील की है। इस अपील को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था, लेकिन फिलहाल उस पर सुनवाई नहीं हुई है। कोर्ट ने कहा है कि दोनों याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई नहीं हो सकती।

## दुबई से शुभम को लाने लुकआउट नोटिस जारी

*रांची। सोनभद्र पुलिस की एसआईटी जांच में कफ सिरप तस्करी के किंगपिन शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला प्रसाद के फर्जीवाड़े की परतें खुली हैं। इस तस्करी मामले में मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल इस समय दुबई में छिपा है। उसे वापस लाने के लिए वाराणसी एसआईटी ने शुभम, दिवेश, अमित जायसवाल और आकाश पाठक के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर केंद्रीय एजेंसियों को रिपोर्ट भेज दी है।*



कोर्ट का आदेश

## गूगल, मेटा, एक्स को हटाना होगा गावस्कर की फोटो

**नई दिल्ली।** दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर की फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स (गूगल, फेसबुक, एक्स आदि) और ई कॉमर्स साइट्स को आगामी 7 दिन के भीतर हटाना होगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनील गावस्कर की पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स की रक्षा के लिए यह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और ई कॉमर्स साइट्स को निर्देश दिया है कि वे गावस्कर की अनुमति के बिना उनके नाम, तस्वीर और पहचान का इस्तेमाल करने वाली आपत्तिजनक सामग्री को तुरंत हटाएं। कोर्ट ने साफ कहा कि यदि तय समय में उल्लंघन करने वाला कंटेंट नहीं हटाया गया तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को उस कंटेंट तक पहुंच को बंद करना होगा। इसके साथ ही ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को भी बिना अनुमति के गावस्कर के नाम पर बेचे जा रहे उत्पादों की लिस्ट हटाने का आदेश दिया गया है।




### गावस्कर का आरोप

गावस्कर ने सोशल मीडिया और ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर उनकी इजाजत के बिना उनके नाम और पहचान के गलत इस्तेमाल के खिलाफ अदालत का रुख किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि कई सोशल मीडिया पेज उनके नाम से मनगढ़ंत और भ्रामक बातें फैला रहे हैं। जबकि कुछ ऑनलाइन विक्रेता उनके नाम से जुड़े नकली ऑटोग्राफ वाले सामान और अन्य उत्पाद बेच रहे हैं।




# अयोध्या पहुंची श्रीराम की सोने से बनी हीरे व रत्नों से जड़ी प्रतिमा



एजेंसी ▸▸ अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर परिसर में अब राम लला की एक खास प्रतिमा की स्थापना हो रही है। ये प्रतिमा अंगद टीला पर स्थित संत तुलसीदास के मन्दिर के समीप स्थापित की जाएगी। ये कोई आम प्रतिमा नहीं बल्कि सोने-हीरे-रत्नों से बनी प्रतिमा है। इसकी अनुमानित कीमत 30 करोड़ है। इसे खास कर्नाटक से तैयार करवाकर अयोध्या भेजा गया है। इस प्रतिमा का वजन पांच कुंतल है। विशेष रत्नों से जड़ित प्रभु श्रीराम की ये प्रतिमा कर्नाटक से अयोध्या पहुंच गई है। इसकी स्थापना होगी। स्थापना के बाद जल्द इसका अनावरण होगा।

### 29 से होंगे कार्यक्रम शुरू

ट्रस्ट मीडिया के अनुसार अंगद टीला परिसर में प्रतिष्ठा द्वादशी के सभी धार्मिक - सांस्कृतिक कार्यक्रम 29 दिसंबर 2025 से 2 जनवरी 2026 तक चलेंगे । मन्दिर गर्भगृह के धार्मिक आयोजन - श्रीराम अभिषेक, श्रृंगार, भोग एवं प्रकाट्य आरती पूर्वाह्न 9.30 से प्रारम्भ होकर दोपहर आरती तक चलेंगे। इस धार्मिक आयोजन का दूरदर्शन सजीव प्रसारण करेगा।





# दूर-दूर से दर्शनार्थी आते हैं राजा राव पठार के वीर मेला में

मेला मड़ई

अरमान खान अश्क

छत्तीसगढ़ के प्रमुख जीवनदायिनी महानदी से खारुन नदी के मध्य आदिकाल से विशाल पर्वत श्रृंखला विद्यमान हैं। बालोद एवं कांकेर जिले को जोड़ने वाली इस पर्वत श्रृंखला को राजा राव पठार के नाम से जाना जाता है। यह संपूर्ण इलाका दंडकारण्य भी कहलाता है, जहां पर्वत श्रृंखला में नदी, नाले, पहाड़, झरने और वनों से आच्छादित रमणीक स्थान होने के कारण यह संपूर्ण क्षेत्र पर्यटन के साथ साथ पिकनिक स्थल भी है। पहाड़ के मध्य भाग के सबसे ऊंचे स्थान के पठार में स्थित है। 52 गांवों के देवी देवताओं के राजा ' राजा राव देव स्थल ' यह



पवित्र स्थल धमतरी -कांकेर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 के निकट ही है। किंवदंती है कि इस पवित्र स्थल में बरसों से गणेश चतुर्थी के दिन धान की बालियां अर्पित की जाती है जिसे बाल पर्व के नाम से जाना जाता है। दिसम्बर माह में तीन दिवसीय विशाल मेले का आयोजन यहां किया जाता है। मेले में आसपास के देवी देवताओं को विधिवत आमंत्रित किया जाता है। इस विशाल मेले में जिसमें छत्तीसगढ़ सहित आंध्र प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र व अन्य राज्यों से आदिवासी समाज के हजारों श्रद्धालु इस वीर मेला में एकत्र होते हैं। इस मेले में भक्तों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है।

धार्मिक

डा. किरण नुरूटी

## बस्तर अंचल में कानयांग पूजन



बस्तर अंचल में खूबसूरत और आकर्षक कन्याओं को कानयांग कहा जाता है। वे लोगों को लाभ देना चाहती हैं। पर इन्हें भी पर्याप्त प्रेम और ध्यान की आवश्यकता होती है। यह जल और जंगल की देवियां भी होती हैं। एक कन्या सल्फी के पेड़ में रहती हैं, दूसरा बिजली के रूप में आकाश में चमकती हैं। मुरिया लोग जब मछली पकड़ने जाते हैं तब इनकी पूजा करते हैं। मछली पकड़ने के पूर्व उन्हें भेंट का वादा करते हैं और अगर पर्याप्त मात्रा में मछली मिल जाए तो जल देवी का सम्मान करते हैं। विवाह हेतु कन्या एवं वर को नदी पार जाना होता है तो उन्हें गोद में उठा कर पार कराया जाता है, तथा नदी पार करते समय जल कन्याओं को भेंट करने के लिए दो अंगूठियां पानी में फेंकी जाती हैं। वैवाहिक रस्म में भी हल्दी लगे मौर को जल में प्रवाहित की जाती है। जब ढोल बनाने के लिए चमड़ा नदी में भिगोते हैं तब पानी दूषित होने पर नाराज न हो इसलिए येर कानयांग को उपहार चढ़ाए जाते हैं। येर कानयांग के अन्य नाम कानयांग और बिसरत कानयांग हैं। येर कानयांग थोड़ी संवेदनशील होती हैं और कभी कभी पुरुषों पर मगरमच्छ के रूप में आक्रमण कर देती हैं। अगर ऐसा हो जाए तो गांव वाले उन्हें महंगे उपहार भेंट करते हैं जैसे एक सुअर, आंवला के सात छल्ले, सिर में लगाने के लिए सिंदूर और कलाइयों के लिए चूड़ियां।

लोक साहित्य

अरुण कुमार निगम

## लोक गाथा में दसमत कैना का सामाजिक संदर्भ




लोकगाथा दसमत कैना में ओडिशा और छत्तीसगढ़ी समाज की तत्कालीन सामाजिक व्यवस्थाएं स्पष्ट रूप से देखने में आती हैं। दसमत अपने समाज के रीति रिवाज के प्रति निष्ठा रखती थी। एक साधारण सी नारी होकर भी रानी बनने के प्रस्ताव को ठुकरा देती है। वह राजमहल के ऐश्वर्य और वैभव को अपने सामाजिक सुख के आगे तुच्छ समझती हैं। इसलिए वह अंततः कन्या ही बनी रही। अपनी सामाजिक परंपराओं के सम्मान में उसने मृत्यु को वरण करना श्रेय कर समझा। यह दसमत के मन की दृढ़ता का प्रमाण है। राजा महानदेव की सांकेतिक मृत्यु तो उसी क्षण हो गई थी और वह ब्राह्मण ही नहीं रहा, जब उसने अपने धर्म और सामाजिक नियमों के बाहर जाकर मांस और मदिरा का सेवन कर लिया था -

*पहिली खेप देवला सुमरिस, दूसर म छाती दर्राय।*
*तीसर खेप मुड़ कर लाइस, राजा हर होगिस बेहाल।*
*चरिहा ल भुइयां म पटकिस, टेडगा होगे सिधवा चाल।*
*सूरा गदहा चरालूहूं मय, चिटीको नई आही ओ लाज।*

पुरातात्विक

डा. टी. आर.रामटेके

## अंचल में प्राकृतिक व प्रस्तर निर्मित गुफाएं





प्रागैतिहासिक काल से ही मानव ने अपने निवास के लिए नैसर्गिक शैलाश्रय या पहाड़ों को काट कर गुफाओं का निर्माण किया था। कुछ गुफाएं प्राकृतिक थी, लेकिन आदिम मानव ने पहाड़ की चट्टान को सावधानी से अपने प्रारंभिक हथियार पत्थर की कुल्हाड़ी व छेनी से काट कर उसे अपने निवास योग्य बनाया था।

प्राचीन भारतीय वास्तु कला में मानव सभ्यता की सर्वप्रथम स्थापत्य कला है। प्रागैतिहासिक काल से ही मानव ने अपने निवास के लिए नैसर्गिक शैलाश्रय या पहाड़ों को काट कर गुफाओं का निर्माण किया था। कुछ गुफाएं प्राकृतिक थी, लेकिन आदिम मानव ने पहाड़ की चट्टान को सावधानी से अपने प्रारंभिक हथियार पत्थर की कुल्हाड़ी व छेनी से काट कर उसे अपने निवास योग्य बनाया था। सामान्य गुफा के भीतर एक गर्भ गृह और सामने छोटे स्तंभों पर आश्रित मंडप होता था। गुफाओं के सामने छोटे बरामदे बना दिए जाते थे, जो खंभों पर आधारित रहते थे। बड़ी गुफाएं दो मंजिल होती थी, जिनमें ऊपर का खंड नीचे की अपेक्षा कुछ पीछे हटा कर बनाया जाता था, जिसमें उसके सामने के मंडप के तीन ओर एक या डेढ़ फुट ऊंची एक आसन पिंडिका बनी होती थी। गुफाओं में प्रवेश द्वार होते थे। गर्भ शालाओं को एक दूसरे से अलग करने के लिए तीन फुट ऊंची भित्तियां बनाई जाती थी, जो चट्टानों में ही उकेरी जाती थी। इस प्रकार की गुफाएं मध्य भारत में बहुतायत से पाई गई हैं।




छत्तीसगढ़ में आदिम मानव निर्मित गुफाएं राजनांदगांव जिला में अंबागढ़ चौकी, दर्रेकसा , बालोद जिले में चितवा डोंगरी, रायगढ़ जिले में कबरा पहाड़, सिंघनपुर, ओंगना, सरगुजा जिले में सीताबेंगरा व जोगीमारा , जगदलपुर जिले में तीरथगढ़, महासमुंद जिले में मोहदीगढ़, एवं छेरी गोदरी गुफा के साथ ही कोरिया और कोरबा जिलों में भी देखा जा सकता है।

पर्यटन : कमलेश यादव

## कभी नहीं सूखता रामझरना का पानी



छत्तीसगढ़ में रामायणकालीन साक्ष्य अभी भी देखे जा सकते हैं। इनसे संबंधित अनेक जनश्रुति भी प्रचलित हैं। इसी तरह रामायणकालीन साक्ष्य रायगढ़ के समीप भूपदेवपुर स्टेशन के पास स्थित है। यहां पर राम झरना में पहाड़ों की ऊंचाई से झर झर ध्वनि से पर्यटकों का मन आनंदित हो जाता है। मान्यता है कि भगवान राम इस झरने में स्नान किए थे, इस कारण इस झरने का नाम राम झरना रखा गया। इस झरने में चमत्कारिक रूप से भीषण गर्मी में भी पानी कभी नहीं सूखता। जबकि आसपास के ऐसे स्थल पूरी तरह से सूखे रहते हैं। इस सौंदर्यपूर्ण स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।



कला जगत

डा. पी. सी लाल यादव

## बिलासपुर अंचल में देखी जाती है भुईहारी करमा



भुईहारी करमा को बिलासपुरी करमा के नाम से जाना जाता है। यहां निवास करने वाली भुईहार जाति इस करमा को गाती और नाचती हैं, इसलिए इसे भुईहारी करमा कहा जाता है। इस जाति के लोगों का विश्वास है कि धरम देवता करम वृक्ष पर निवास करते हैं। करमां नृत्य से प्रसन्न होकर धरम देवता उन्हें सुख शांति व समृद्धि प्रदान करते हैं। इस नृत्य गान में लोग शामिक होकर भरपूर मनोरंजन करते हैं-



*चोला रोवत हे राम बिना देखे तोला*
*चोला रोवत हे राम*
*दादर जांवर जोड़ी खोजों डोंगर बीच मंझाय*
*सबे परेवना तोला खोजय कहां रहे लुकाय*
*चोला रोवत हे राम बिना देखे तोला*
*माया ल तै कइसे टोरे सुरता मोर भुलाई*
*मोर मड़इया सुन्ना करके कहां करे पहुंनाई।*

परब विशेष : डा. रमाकांत सोनी

## दान का महत्व छेरछेरा तिहार में



प्रत्येक वर्ष पौष पूर्णिमा को सूरज निकलने से दिन ढलने तक मनाया जाने वाला यह त्योहार छेरछेरा वर्ष भर के कड़े परिश्रम के बाद फसल के खलिहान से होते हुए कोठी में पहुंचने का त्योहार है। यह बच्चों के मासूम उल्लास, अन्नदान की महिमा और आस्था का त्योहार है। इसीलिए बच्चे छेरछेरा... कोठी के धान ल हेरते हेरा के घोष में कोठी के भरे रहने, कृषक के चहुमुंखी विकास तथा उसके घर के अन्न और धन धान्य से भरे रहने की शुभकामना होती है। जीवन को साथ साथ जीने की मंगल कामना जीवन को भरपूर जीने की चाह, समृद्धि, सामर्थ्य,संपन्नता, समग्रता, सुख -आमोद प्रमोद और विस्तार तथा जीवन के अनंत आयाम



जो भविष्य में आने वाले हैं उस आनंद की कामना की जाती है। साथ ही यह पर्व पौरुष और सामर्थ्य से अर्जित फसल को अन्नदान महाकल्याण के भाव से दानी होने के अहंकार से शून्य होकर दान देने का भी महापर्व है। यह दिवस उन किशोरों का भी है जो मांदर, झांझ, मंजीरा और डंडा लेकर सामूहिक नृत्य में सम्मिलित होकर थिरकने लगता है और किसान यहां भी अपने बिरादरी से नवयुवकों के नर्तक दल को सम्मानित करता है। सुआ नृत्य का आकर्षण भी इस दिन देखने को मिलता है।

### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ी

# चांदी की चमक के आगे फीका पड़ा सोना, इस साल कीमतों में 130 प्रतिशत से अधिक का उछाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेश के सुरक्षित विकल्प और चुनिंदा उद्योगों में मांग बढ़ने से इस साल चांदी ने रिटर्न के मामले में परंपरागत निवेश विकल्प सोने और शेयर बाजार को भी पीछे छोड़ दिया है। स्थिति यह हो गई है कि सोने ने जहां करीब 70 प्रतिशत रिटर्न दिया है वहां चांदी 130 प्रतिशत से भी अधिक चढ़ी है।

■ चुनिंदा उद्योगों में भी मांग बढ़ने से चांदी रिटर्न अच्छा मिला

विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में आगे और कटौती की उम्मीदों के बीच चांदी में अगले साल भी 15 से 20 प्रतिशत तक की तेजी बने रहने की उम्मीद है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, दिल्ली में चांदी की कीमत सोमवार को 10,400 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़कर 2,14,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के अबतक के उच्चस्तर पर पहुंच गईं। चांदी की कीमत इस साल एक जनवरी को 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी। इस तरह चांदी में 1,24,000 रुपये यानी 137 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। चांदी में आई तेजी के बारे में आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लि. के निदेशक (जिंस और मुद्रा) नवीन माथुर ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय हाजिर बाजार में चांदी ने अब तक लगभग 130 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया है।

**चांदी पहली बार 70 डॉलर प्रति औंस के पार :** कैलेंडर वर्ष के दौरान, हाजिर सोना की कीमतों में 31 दिसंबर, 2024 को दर्ज किए गए 2,605.77 डॉलर प्रति औंस से 1,892.23 डॉलर या 72.62 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

### खास बातें

- चांदी ने इस साल निवेश विकल्प सोना और शेयर बाजार को पीछे छोड़ दिया
- सोने ने करीब 70 प्रतिशत रिटर्न दिया तो चांदी 130 प्रतिशत से अधिक चढ़ी




### चांदी में उछाल संरचनात्मक कारकों के कारण

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, ''चांदी की कीमतों में उछाल सट्टेबाजी का नहीं बल्कि संरचनात्मक कारकों का नतीजा है। आपूर्ति में लगातार कमी के साथ औद्योगिक मांग बनी हुई है। कृत्रिम मेधा (एआई), ईवी तथा स्वच्छ ऊर्जा जैसे नए क्षेत्रों में बढ़ती मांग कीमत में वृद्धि का प्रमुख कारण है।''

### सोना 1,40,850 रुपए के नए शिखर पर, चांदी का भी रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में मजबूत रुझानों के कारण, सोने की कीमतों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त जारी रहीं। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोना 2,650 रुपये बढ़कर 1,40,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,38,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इस साल अब तक, घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में 61,900 रुपये, या 78.40 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 31 दिसंबर, 2024 को सोने का भाव 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी में भी लगातार दूसरे दिन तेजी आई, और यह 2,750 रुपये बढ़कर 2,17,250 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। पिछले सत्र में, चांदी 10,400 रुपये प्रति किलोग्राम की तेज वृद्धि दर्ज करने के बाद 2,14,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के परिष्ठ विश्लेषक (जिंस), सौमिल गांधी ने कहा।

# खुदरा महंगाई की गणना में ई-कॉमर्स ऑनलाइन स्रोत होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


सरकार ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) की विश्वसनीयता, सटीकता और गुणवत्ता में पर्याप्त सुधार लाने के उद्देश्य से खुदरा मुद्रास्फीति की गणना में ऑनलाइन स्रोतों के साथ-साथ ई-कॉमर्स मंच को भी शामिल करने का प्रस्ताव किया है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) सीपीआई, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की गणना के लिए आधार वर्षों को संशोधित करने की प्रक्रिया में है। सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-आधारित मुद्रास्फीति) की नई श्रृंखला के आंकड़े (2024 =100) को आधार वर्ष मानते हुए 12 फरवरी, 2026 को जारी किए जाने की संभावना है। मंत्रालय के अनुसार, 'इन वैकल्पिक और डिजिटल डेटा स्रोतों को अपनाने से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की प्रतिनिधित्व क्षमता, विश्वसनीयता, सटीकता और समग्र गुणवत्ता में काफी सुधार होने की उम्मीद है।' मंत्रालय शहरी और ग्रामीण बाजारों में भी दायरा बढ़ा रहा है। साथ ही बदलते उपभोग प्रतिरूप को बेहतर ढंग से समझने के लिए ई-कॉमर्स मूल्य आंकड़े और अन्य डिजिटल स्रोतों को भी शामिल कर रहा है। जीडीपी आधार वर्ष संशोधन से नए आंकड़ों के स्रोतों को शामिल करने और संकलन प्रक्रिया कार्यप्रणालीगत सुधारों, मानकों और वर्गीकरणों के अनुरूप बनाने में भी सुविधा होगी।

### आईआईपी के नए आंकड़े 28 मई को जारी होंगे

वित्त वर्ष 2022-23 को आधार वर्ष मानकर राष्ट्रीय लेखा संबंधी आंकड़े 27 फरवरी, 2026 को जारी किए जाएंगे, जबकि 2022-23 को आधार वर्ष मानते हुए आईआईपी की नई श्रृंखला के आंकड़े 28 मई को जारी होंगे। मंगलवार को मंत्रालय ने सीपीआई, जीडीपी और आईआईपी के आधार वर्ष संशोधन पर परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया।

### नए आंकड़े भौतिक दुकानों से एकत्र किए जा रहे

मंत्रालय ने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में नए आंकड़ा स्रोतों को शामिल करने



के संबंध में कहा कि वर्तमान श्रृंखला में भौतिक दुकानों से एकत्र किए जा रहे आंकड़ों के अतिरिक्त, 25 लाख से अधिक आबादी वाले 12 चयनित शहरों में ई-कॉमर्स मंच से भी कीमत आंकड़े प्राप्त की जाएंगी।

**कार्यालय आयुक्त,
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
इन्द्रावती भवन, ब्लाक डी (भू-तल) अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.)
क्र.-2263708, 2262558 Fax-2262558**

Email Id-nmacstobo@email.com

क्रमांक /ऑ.ला.पो.मै.छा./162/2025-26/10986 नवा रायपुर, दिनांक 19/12/2025

**:: सूचना प्रकाशन ::**

**वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी के लिए ऑनलाईन पंजीयन की तिथि वृद्धि की सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी, शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी. आई आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है तथा इन संस्थाओं के प्राचार्यों / संस्था प्रमुखों एवं छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया जाता है कि **शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही** http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि निम्नानुसार निर्धारित है :-

| क्र. | प्रक्रिया | अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 01 | विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन/पंजीयन हेतु (नवीन / नवीनीकरण) | दिनांक 15.01.2026 तक |
| 02 | संस्थाओं द्वारा Proposal Lock कर सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास को प्रेषित करने की अंतिम तिथि | दिनांक 05.02.2026 तक |
| 03 | शासकीय संस्था/जिला कार्यालय द्वारा Sanction Order Lock करने की अंतिम तिथि | दिनांक 08.02.2026 तक |
| 04 | जिला कार्यालय द्वारा भुगतान हेतु राज्य कार्यालय को प्रेषित करने की अंतिम तिथि | दिनांक 10.02.2026 तक |
| 05 | छात्रवृत्ति भुगतान जारी करने की अंतिम तिथि | दिनांक 15.02.2026 तक |

उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

1. छात्रवृत्ति हेतु निम्नानुसार पात्रता निर्धारित है :-
क. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के पालक की आय-सीमा रू. 2.50 लाख प्रतिवर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आय-सीमा रू. 1.00 लाख प्रतिवर्ष।
ख. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र।
ग. छ.ग. का मूल निवास प्रमाण पत्र।
घ. विद्यार्थी के अध्ययनरत पाठ्यक्रम के विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम।
2. **PFMS** के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखे कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की ही प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें।
3. वर्ष 2025-26 से संस्थाओं का Geo-Tagging किया जाना अनिवार्य है। जिन संस्थाओं द्वारा Geo-Tagging नहीं किया जावेगा, उक्त संस्था के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदाय नहीं की जावेगी।
4. वर्ष 2025-26 में अनु. जनजाति एवं अनु. जाति के विद्यार्थियों को NSP Portal से OTR (One Time Registration) प्राप्त करना आवश्यक है। इस हेतु राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल में प्रदाय निर्देशों का अवलोकन किया जा सकता है।
5. वर्ष 2025-26 में संस्था प्रमुख (HoI) एवं संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी (INO) का biometric-authentication किया जाना अनिवार्य है।

**उपायुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर, छ.ग.**

**जी 252605668/1**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. /निर्माण/2025 दिनांक 19.12.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 62 अंतर्गत तिराहे में सर्वमंगला मंदिर चौक निर्माण, मूर्ति का स्थापना एवं विद्युतीकरण कार्य (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 14.53 | 14.01.2026 (T.No. 182067) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

**।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।**

**कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**कार्यालय अस्पताल अधीक्षक
डी.के.एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्युट एवं रिसर्च सेन्टर
डी. के.एस. भवन रायपुर (छ.ग.)**

Email-dkspgi@gmail.com Ph-07714061619

**// सूचना //**

दाऊ कल्याण सिंह स्नातकोत्तर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र, रायपुर (छ.ग.) में जुनियर रेसीडेंट के रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इन्टरव्यूह अधीक्षक कार्यालय में दिनांक 02/01/2026 दिन शुक्रवार को 12:30 बजे आयोजित किया जा रहा है। रिक्त पदों की जानकारी निम्नानुसार है-

| क्र. | पदनाम | योग्यता | विभाग | कुल रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक प्राध्यापक | NMC के मापदण्डों के अनुसार | एंडोक्राइनोलॉजी, एनेस्थिसिया, मेडिसीन, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोसर्जरी | 05 |
| 2. | सीनियर रेसीडेंट | NMC के मापदण्डों के अनुसार | बर्न एण्ड प्लास्टिक सर्जरी विभाग. गैस्ट्रो सर्जरी विभाग, नेफ्रोलॉजी विभाग, न्यूरोलॉजी विभाग, यूरोलॉजी विभाग, न्यूरो सर्जरी विभाग, | 05 |
| 3. | जुनियर रेसीडेंट | NMC के मापदण्डों के अनुसार | क्रिटिकल केयर, इमरजेंसी विभाग, बर्न एण्ड प्लास्टिक सर्जरी विभाग, नेफ्रोलॉजी विभाग, यूरोलॉजी विभाग, न्यूरोसर्जरी विभाग | 06 |
| | कुल | | | 16 |

नोट :- 1. संविदा भर्ती में शासन द्वारा जारी आरक्षण नियमों का पालन किया जावेगा।
2. पद रिक्त होने की स्थिति में रिक्त पदों की संविदा भर्ती प्रतिमाह के प्रथम शक्रवार को वॉक-इन-इन्टरव्यूह के माध्यम से लिया जावेगा। यदि उस दिनांक को शासकीय अवकाश होने पर उसी पद का अगले दिन वॉक-इन-इन्टरव्यूह लिया जावेगा।
3. विस्तृत जानकारी डी.के.एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेन्टर, रायपुर के वेब साइड www.dkspgi.in पर उपलब्ध हैं।

**अस्पताल अधीक्षक एवं एकेडमिक इंचार्ज
डी.के.एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्युट
एवं रिसर्च सेंटर, रायपुर (छ.ग.)**

**जी 252605657/2**

# एलन कोटा देगा सरकारी स्कूलों के छात्रों को नीट की निःशुल्क कोचिंग



**एलन शिक्षा संबल अभियान के तीसरे सत्र के रजिस्ट्रेशन शुरू**

**कोटा।** एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास एवं एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में संचालित एलन शिक्षा संबल अभियान निःशुल्क नीट कोचिंग के तीसरे सत्र की प्रवेश प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। एलन परिवार के पितृ पुरुष लक्ष्मीनारायण माहेश्वरी की पुण्यतिथि के अवसर पर यह शुरुआत की गई।

एलन के निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने संकल्प कैम्पस में वीडियो बटन दबाकर व पोस्टर विमोचन कर यह शुरुआत की। इच्छुक विद्यार्थी पर आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत उत्तर भारत के हिन्दी भाषी प्रदेशों के सरकारी स्कूलों के चयनित 126 विद्यार्थियों को नीट-यूजी के लिए निशुल्क कोचिंग के साथ-साथ निशुल्क आवास व भोजन भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसमें 81 छात्राएं एवं 45 छात्र शामिल हैं।

योजना के तहत एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से कोटा में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी की एक साल के लिए निशुल्क कोचिंग (100 प्रतिशत स्कॉलरशिप) दी जा रही है। वहीं एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से इन विद्यार्थियों के निशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था भी की जा रही है।

# यूनियन बैंक ने आवास, वाहन ऋण पर ब्याज दरें घटायीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई




सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने मंगलवार को चुनिंदा खुदरा ऋण उत्पादों पर ब्याज दरों में कमी की घोषणा की। बैंक ने बयान में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के हाल में नीतिगत दर में कटौती के मद्देनजर उसने आवास ऋण, वाहन कर्ज और व्यक्तिगत ऋण पर ब्याज दरें कम की हैं।

■ आरबीआई ने हाल में नीतिगत दरों में कटौती की थी

इससे खुदरा कर्ज लेने वालों के लिए ऋण लेना सस्ता होगा। नई दरें 18 दिसंबर, 2025 से प्रभावी हो गयी हैं। संशोधित ब्याज दर के तहत, आवास ऋण की ब्याज दर 0.3 प्रतिशत कम की गई हैं। अब ये 7.15 प्रति प्रति वर्ष से शुरू होंगी, जबकि पहले यह 7.45 प्रतिशत सालाना थी।

### बैंक ग्रीन फाइनेंस छूट अलग दे रहा

इसके अलावा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पात्र 'ग्रीन फाइनेंस' आवास ऋण और वाहन कर्ज पर 0.10 प्रतिशत सालाना अतिरिक्त छूट दे रहा है। रिजर्व बैंक ने इसी महीने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की। उसके बाद बैंकों ने ब्याज दरें कम की हैं।

### वाहन कर्ज की ब्याज दरें 0.4 फीसदी कम की गई

*वहीं वाहन कर्ज की ब्याज दरें 0.4 प्रतिशत कम कर दी गई हैं और अब ये 7.50 प्रतिशत सालाना से शुरू होंगी, जबकि पहले यह 7.90 प्रतिशत सालाना थी। वहीं व्यक्तिगत कर्ज की ब्याज दर में 1.6 प्रतिशत की कटौती गयी है और अब ये 8.75 प्रतिशत सालाना से शुरू होंगी, जबकि पहले यह 10.35 प्रतिशत प्रति वर्ष थी।*

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

# आरआईटीईईएस को दक्षिण अफ्रीकी कंपनी से मिला ठेका

**नई दिल्ली।** अवसंरचना, परामर्श एवं इंजीनियरिंग कंपनी आरआईटीईईएस लिमिटेड को दक्षिण अफ्रीका में एक कंपनी से 315.7 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। यह कंपनी के रेलवे प्रौद्योगिकी में बढ़ते अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव को रेखांकित करता है और द्विपक्षीय रेल सहयोग में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक है। आरआईटीईईएस ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि इस ठेके को डेढ़ वर्ष में पूरा किया जाएगा। कंपनी सूचना के अनुसार, 'आरआईटीईईएस को दक्षिण अफ्रीका की नडालामा कैपिटल (पीटीवाई) लिमिटेड से डीजल 'इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव' की आपूर्ति और उसे चालू करने का ठेका मिला है।' इसमें कहा गया कि मूल्य के हिसाब से ऑर्डर का आकार '35,200,000 अमेरिकी डॉलर' है।

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562,
website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com**

No.04-04/W/1927 Raipur, date 22.12.2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL in **three-part** tendering system. The unregistered contractor having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below:-

| Tender Specifi. No. | Name of Work | NIT value |
|---|---|---|
| CEC/HTPS-KW/W/2025/154 | Internal Renovation works of old E type staff Qtrs. (96 units) of Zone CD & FG of HTPS Colony, CSPGCL, Korba West | 282.00 Lacs |

**Note:- (i) The detailed NIT, Eligibility Criteria, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.(ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.**

**Chief Engineer (Civil)
CSPGCL, Raipur**

**SAVE ELECTRICITY**

**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in**

क्र./वी-6/खरसिया मंडी/33/2025-26/7177 रायपुर, दिनांक 23/12/2025

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

**Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in Sub Portal: http://samb. eproc.cgstate.gov.in**

कृषि उपज मंडी समिति खरसिया जिला रायगढ़ अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) वोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदरो से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :- ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि 15.01.2026 फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि 21.01.2026

| क्र. | कार्य का नाम/ स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर. विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | मंडी प्रागंण खरसिया, में कव्हर्डशेड निर्माण एवं चबूतरा निर्माण, कव्हर्डशेड (पार्किंग) निर्माण, मुख्य द्वार एवं स्वागत बोर्ड निर्माण, बाउण्ड्रीवॉल (जीर्ण-शीर्ण के स्थान पर निर्माण), कार्यालय भवन मरम्मत एवं रंगाई-पोताई कार्य, पानी टंकी का मरम्मत एवं रंगाई-पोताई कार्य, 03 नग कव्हर्डशेड मरम्मत कार्य। | 96.48 | लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर |


उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेव पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

**सही/-
सचिव कृषि उपज मंडी समिति खरसिया
जिला रायगढ़**

**सही/-
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति खरसिया जिला रायगढ़**

**संवाद- 46328**


## शब्द पहेली - 6087



**बाएँ से दाए-**
1.ईश्वर, करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2, 1, 2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत, दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन, पगार-3
16.मनोनीत, नामकृत-3
18.बंधक, गिरवी वस्तु-3
20.निशा, रात्री-3
22.वचन, प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य, कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार, फटकार-3
30.हवा, पवन-3
31.झाझर, कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर, भूत-2
40.परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान, खजांची-3
4.पैगंबर, रसूल-2
5.झूठ, मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम, मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा, दोस्त-2
18.मजा, आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः, वापस-2
27.मर्करी, पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त, टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा, विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

### शब्द पहेली -6086 का हल



## सूडोकु नवताल - 6097

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
■ *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
■ *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
■ *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल - 6096 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### चला गया 'नौकर...

स्थान बनाया था। भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार एवं साहित अकादमी जैसे शीर्षस्थ पुरस्कार प्राप्त करने के बावजूद उनकी लिखने की ललक तनिक भी कम नहीं हुई थी। शुक्ल ने अपनी उपन्यास त्रयी 'नौकर की कमीज', 'खिलेगा तो देखेंगे' और 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' के माध्यम से हिंदी साहित्य जगत में एक ऐसी जमीन तोड़ी जिसके कारण वह समालोचकों ही नहीं पाठकों के भी रातों रात पसंदीदा रचनाकार बन गये। शुक्ल को 59 वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनकी स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए उनके रायपुर स्थित निवास पर आयोजित एक समारोह में उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया था। इस वर्ष एक नवंबर को जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ का दौरा किया था तब उन्होंने शुक्ल और उनके परिवार से बात की थी तथा उनके स्वास्थ्य और कुशलक्षेम के बारे में जानकारी ली थी। शुक्ल पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और अस्पताल में भी भर्ती रहे थे। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में एक जनवरी 1937 को जन्मे विनोद कुमार शुक्ल हिंदी साहित्य के ऐसे रचनाकार थे, जो बहुत धीमे बोलते थे, लेकिन साहित्य की दुनिया में उनकी आवाज बहुत दूर तक सुनाई देती थी। उन्होंने मध्यमवर्गीय, साधारण और लगभग अनदेखे रह जाने वाले जीवन को शब्द देते हुए हिंदी में एक बिल्कुल अलग तरह की संवेदनशील, न्यूनतम और जादुई दुनिया रची। 21 नवंबर 2025 को उनके घर पर ही उन्हें हिंदी का सर्वोच्च सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान शुक्ल ने कहा था, जब हिन्दी भाषा सहित तमाम भाषाओं पर संकट की बात कही जा रही है, मुझे पूरी उम्मीद है नई पीढ़ी हर भाषा का सम्मान करेगी। हर विचारधारा का सम्मान करेगी। किसी भाषा या अच्छे विचार का नष्ट होना, मनुष्यता का नष्ट होना है। शुक्ल ने कहा था, मुझे बच्चों, किशोरों और युवाओं से बहुत उम्मीदें हैं। मैं हमेशा कहता रहा हूं कि हर मनुष्य को अपने जीवन में एक किताब जरूर लिखनी चाहिए। अच्छी किताबें हमेशा साथ होनी चाहिए। अच्छी किताब को समझने के लिए हमेशा जूझना पड़ता है। किसी भी क्षेत्र में शास्त्रीयता को पाना है तो उस क्षेत्र के सबसे अच्छे साहित्य के पास जाना चाहिये। मध्यप्रदेश के जबलपुर कृषि विश्वविद्यालय से कृषि विज्ञान में एम.एससी की डिग्री हासिल करने के बाद शुक्ल ने अध्यपान कार्य को व्यवसाय के रूप में चुना। इस दौरान उनका लेखन कार्य भी जारी रहा। उनका पहला कविता-संग्रह 'लगभग जयहिन्द' का प्रकाशन 1971 में हुआ था। इसके बाद वह लगातार लिखते गए। **पहला कविता संग्रह - लगभग जय हिन्द**-उनका पहला कविता संग्रह 'लगभग जय हिन्द' 1971 में आया। वहीं से उनकी विशिष्ट भाषिक बनावट, चुप्पी और भीतर तक उतरती कोमल संवेदनाएं हिंदी कविता में दर्ज होने लगीं। उनके उपन्यास 'नौकर की कमीज' (1979) ने हिंदी कथा-साहित्य में एक नया मोड़ दिया, जिस पर मणि कौल ने फिल्म भी बनाई है। शुक्ल के काव्य संग्रहों में 'लगभग जयहिंद', 'वह आदमी चला गया नया गरम कोट पहिनकर विचार की तरह' और 'सब कुछ होना बचा रहेगा' काफी चर्चित रहे।

### अंतिम दिनों में...

विषय बन गया था। महोत्सव में शुक्ल ने कहा था कि व्यक्ति जितना स्थानीय होगा, उतनी ही वैश्विकता उसके भीतर होगी और इसीलिए अपनी स्थानीयता और बचपन की स्मृतियों को संभालकर रखना चाहिए। अपने घर से बाहर यह शुक्ल का अंतिम सार्वजनिक कार्यक्रम था।

### छग के 19 लाख...

बाद यह बात सामने आई है कि कुल मतदाता में से 27 लाख 04 हजार 822 नाम सत्यापित नहीं हुए। छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया है। ड्राफ्ट जारी होने के बाद 22 जनवरी तक दावा और आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। 14 फरवरी तक सुनवाई होगी। 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 4 नवंबर से शुरू हुए हाउस सर्वे का काम 18 नवम्बर तक हुआ जो 19 दिसम्बर को समाप्त हुआ है। अब 23 दिसम्बर को गणनावाली मतदाता सूची जारी होगी। भारत निर्वाचन आयोग के नियम के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने इसके लिए निर्देश जारी कर दिया है। प्राप्त दावों/आपत्तियों पर विधिवत जांच के बाद ईआरओ निर्णय लेंगे। आवश्यक होने पर सुनवाई के बाद ऑर्डर पारित किया जाएगा। अपील की व्यवस्था नियम के अंतर्गत उपलब्ध है। दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद भारत निर्वाचन आयोग की सहमति से अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

### ये है नियम, देनी ...

में हुआ है, तो वे आयोग की सूची में से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करें, जो जन्म तिथि और जन्म स्थान प्रमाणित करता हो। यदि जन्म 2 दिसंबर 2004 के बाद भारत में हुआ है, तो उसके लिए स्वयं के लिए आयोग द्वारा तय सूची में से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करें, जो जन्म तिथि और/या जन्म स्थान प्रमाणित करता हो।

### बांग्लादेशी का शक,...

भी बोलने से बच रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिले से कुछ लोग उमराह करने मक्का-मदीना गए थे। उन्होंने अपने परिजनों से इंटरनेशन मैसेजिंग एप आईएमओ से वीडियो कॉलिंग के माध्यम से संपर्क कर मैसेज किया था। इसे लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ पुलिस को उन नंबरों की तसदीक करने के लिए कहा था। इसके बाद राजधानी पुलिस करीब एक हजार लोगों को संदिग्ध मानते हुए पूछताछ करने पुलिस लाइन ले आई। **सौ के करीब संदिग्ध मिलने का दावा** -पुलिस के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि संदिग्धों की पहचान के लिए जिन लोगों को पुलिस लाइन लाया गया था। उनमें से सौ के करीब पश्चिम बंगाल-बांग्लादेश सीमा से सटे जिले के हैं। उनके द्वारा पेश किए गए आधारकार्ड तथा दस्तावेजों में कई विषमताएं मिली हैं। पुलिस ने ऐसे लोगों की तसदीक के बाद वैधानिक कार्रवाई करने का दावा किया है। **उठाए जाने का एक कारण यह भी** -केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर पूरे देश में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, कई जगहों पर मतदाता सूची में गड़बड़ी होने की बात सामने आई है। खुफिया रिपोर्ट के आधार पर पुलिस संदिग्धों की पहचान करने सभी लोगों को पुलिस लाइन लेकर पहुंची थी। इस संबंध में अफसर किसी भी प्रकार की जानकारी देने से बच रहे हैं।

### सड़क पर बांग्लादेश...

थे। इसे देखकर लग रहा था कि मानो किसी ने इन झंडों को सड़क पर चस्पा किया हो। इस सड़क से गुजरने वाले लोगों की दिनभर इन झंडों पर ही नजरें रहीं, लेकिन इसके बाद भी इन झंडों को सड़क से हटाने के लिए पुलिस ने कोई पहल नहीं की, जबकि इसकी सूचना पुलिस को दोपहर 12 बजे ही मिल गई थी। इन झंडों की सूचना के बाद पुलिस महकमे में कुछ घंटे तक हड़कंप भी मचा रहा, लेकिन जब पड़ताल की, तो इन झंडों की हकीकत कुछ और निकलकर सामने आई। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में कथित ईशनिंदा के झूठे आरोप के बाद एक हिंदू युवक की हत्या की घटना को लेकर रायपुर में जमकर आक्रोश देखा जा रहा है। इस घटना के विरोध में जयस्तंभ चौक सहित अन्य जगहों पर हिंदू संगठनों ने बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध में उनके देश का झंडा तथा तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया था।

### उत्तर भारत में...

अब हिमाचल प्रदेश में मौसम अलग खेल दिखाएगा। ऐसे में मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है कि हिमाचल प्रदेश में 24, 25, 26 और 27 को रुक-रूककर भारी बारिश होगी। इस दौरान कुछ जगहों पर बर्फबारी की भी संभावना है।

### सर्व समाज ने...

राज्य में धर्म स्वातंत्र्य विधेयक को यथाशीघ्र प्रभावी एवं सख्ती के साथ लागू किया जाए। कांकेर जिले में जनजातीय समाज पर हुए संगठित हमले के लिए जिम्मेदार भीम आर्मी से जुड़े तत्यों एवं कनवर्टेड ईसाई समूहों के सभी आरोपियों के विरुद्ध कठोरतम धाराओं के अंतर्गत तत्काल कार्रवाई की जाए।

### कांकेर के आमाबेड़ा...

स्थिति बनी है। एक निश्चित पैटर्न के अंतर्गत ईसाई मिशनरियों एवं उनसे जुड़े कन्वर्जन-प्रेरित समूहों द्वारा सुनियोजित ढंग से ऐसे हालात निर्मित किए जा रहे हैं, जिनसे समान में तनाव, टकराव और सामाजिक वैमनस्य फैल रहा है। दुर्भाग्यवश, इन घटनाओं का सीधा दुष्परिणाम सर्व समाज, विशेषकर जनजातीय समुदायों को भुगतना पड़ रहा है।

### चौथे माले से...

मंगलवार को सेक्टर 16 स्थित अपार्टमेंट के चौथे माले से नाइजीरियन सैम नामक छात्र नीचे गिर गया। छात्र को गंभीर होने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। खबर लगने पर मंदिर हसौद पुलिस ने मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेज दिया।

### जांच में पहुंची...

मंदिर हसौद टीआई आशीष यादव ने बताया कि शुरूआती जांच में मौत की वजह ऊंचाई से गिरना सामने आई है। फिलहाल यह हादसा है या हत्या इस पर जांच जारी है। छात्रों के बयान, सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### पौने दो करोड़...

प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी संगठन को बड़ा झटका देते हुए संभागीय समिति सदस्य डीवीसीएम रैंक के एक वरिष्ठ सदस्य और छह क्षेत्रीय समिति सदस्यों एसीएम सहित 22 माओवादी कैडरों ने ओडिशा के पुलिस महानिदेशक की उपस्थिति में सरेंडर कर दिया।

### छत्तीसगढ़ में कौशल-...

मॉडल निवेश, रोजगार और कौशल को आपस में जोड़ने पर आधारित है। छत्तीसगढ़ स्किल टेक जैसे मंचों के माध्यम से हम निवेशकों के विश्वास को जमीनी स्तर पर परिणामों में बदल रहे हैं, ताकि राज्य में कुशल रोजगार के अवसर सृजित हों। इसके पीछे स्पष्ट नीतियाँ और प्रभावी क्रियान्वयन क्षमता हमारी ताकत है। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न निवेश प्रस्तावों पर समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किए गए तथा निवेश आमंत्रण पत्र जारी किए गए। कुल मिलाकर 13,690 करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्तावित निवेश सामने आए हैं, जिनसे राज्य में 12,000 से अधिक रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है।


**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

**NIT NO: 2635/RMC/2025** **RAIPUR DATED: 22.12.2025**

Online bids are invited for the following works of works up to **16.01.2026** at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Min Reserve Price |
|---|---|---|---|
| 1 | 182185 | REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) For the Operation, Maintenance, and Utilization of Installed Mini unipoles Form CSEB Chowk to Siddharth Chowk for advertising purposes. | 27,82,000.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** in from **22.12.2025** 17.30 **Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal. NIT Deatails and other documents.

**NOTE: -** 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.,

2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**SUPERINTENDENT**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**



डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
Skin Care
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756





असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिए। HMS देखकर खरीदें





बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769



epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100


## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेन्सी में बिलिंग एवं एकाउंटिंग, माल पैकिंग करने, ट्रांसपोर्ट लेजाने, आर्डर एवं वसूली करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार (पढ़ाई बाध्य नहीं है) सम्पर्क करें- 9111000629 (39479)

**आवश्यकता है-** होलसेल दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गुरुनानक मेडिकल स्टोर्स मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर 7697780808 (39466)

**आवश्यकता है-** नर्सिंग होम में कार्य करने हेतु ट्रेण्ड नर्स एवं कम्पाउंडर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 99819 70853 (39475)

**आवश्यकता है-** FMCG वेलनेस एजेन्सी में बिलिंग एवं प्रोडक्ट देने हेतु एक कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। योग्यता- ग्रेजुएट, कम्प्यूटर जानकार बायोडाटा सहित इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 9893081826, 70671 24226 (39476)

**आवश्यकता है-** ऑफिस ब्वाय-3पद, समान पैकेजिंग, लोडिंग, अनलोडिंग हेतु ऑटो चालक एवं सफाई कार्य हेतु व्यक्तियों की आवश्यकता है वेतन 9000 से 12000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- 09575488884 (39480)

**आवश्यकता है-** सिरजन ऑटोमोटिव जरहाभाटा महिन्द्रा स्पेयर पार्ट्स शोरूम में एकाउन्टेट- 1, कम्प्यूटर ऑपरेटर- 1, ड्राइवर- 1, स्पेयर पार्ट्स निकालने हेतु 1पद की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 7415894000 (39467)

**आवश्यकता है-**बुटीक में सिलाई कार्य करने हेतु महिला/पुरुष की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- आशा कलेक्शन बुटीक, मसानगंज पतंजलि मेगा स्टोर के पास इमलीपारा बिलासपुर 9131745687 (39474)

**आवश्यकता है-**OCEAN कम्पनी में ऑफिस हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट, उम्र 18-28 वर्ष, आय 10500 से 18000 रहना, खाना पता- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा, बिलासपुर 8818877406, 96444 33021, 07752337082 (39473)

**आवश्यकता है-**गैरेज में कार्य हेतु मैकेनिक, वर्कर (कार वॉशिंग) हेल्पर चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- माँ शारदा कार केयर, स्मार्ट रोड, संजीवनी अस्पताल के पास बिलासपुर 7974332986 (39468)

**आवश्यकता है-**मार्केटिंग मैनेजर और ई रिक्शा ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अग्रसेन चौक बिलासपुर अपना बायोडाटा भेजें 62630 77177 (39471)

**आवश्यकता है-**ड्राईवर 10वीं पास (आफिस एवं घरेलू कार्य भी करे वेतन 10000) एवं महिला चपरासी (8वीं पास) चाहिए बायोडाटा फोटो व्हाट्सएप करें- भारत भारती विद्या मन्दिर कस्तूरबा नगर बिलासपुर 9300654801, 9755854925 (39453)

**आवश्यकता है-**मिठाई, नमकीन बनाने हेतु मिस्त्री, 2 हेल्परो की तत्काल आवश्यकता है वेतन कार्य का अनुभव के आधार पर होगा। जो नशा मुक्त हो वही सम्पर्क करें व्यापार विहार बिलासपुर 7389995156 (39472)

**आवश्यकता है-**बिजली दुकान+ ऑफिस में कार्य हेतु स्मार्ट महिला (मल्टी टैलेन्टेड जो बिलिंग+ कम्पनी कार्य संभाल सके) बिजली दुकान में कार्य हेतु जानकार एक लड़का चाहिए। वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- 9827950866 (39448)

**आवश्यकता है-** ग्वालियर में ऑफिस कार्य हेतु 10वी 12वीं ग्रेजुएट अविवाहित लड़के चाहिए.वेतन 12000 + कमीशन + बोनस के साथ कमाए 15000-20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया का कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करे 9039470547 (520)

**आवश्यकता है-** प्लांट में 5वर्ष अनुभवी नशामुक्त गार्ड, सुपरवाईजर की आवश्यकता है पेमेन्ट योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- दोपहर 3बजे से शाम 5बजे तक, गीतांजलि इस्पात एण्ड पॉवर प्राइवेट लिमिटेड हरदी कला सिलपहरी इण्डस्ट्रीयल एरिया बिलासपुर 9425534936 (39441)

**आवश्यकता है-**बैक आफिस कार्य, टेली सेल्स हेतु लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 5500 से 7000 इंटरव्यू समय 11 से 2बजे तक। फ्रेशर/ अनुभवी सम्पर्क करें- डीआर कंसल्टेंन्ट, मंदिर चौक बिलासपुर 62633 37237 (39463)

**आवश्यकता है-**इलेक्ट्रीकल प्रोडक्ट हेतु अनुभवी सेल्समैन (वेतन 30-50 हजार+ अन्य सुविधा)कालोनी हेतु नवयुवक सुपरवाइजर (वेतन 10000+ अन्य सुविधा) आफिस कार्य हेतु स्मार्ट युवती (वेतन 8-10 हजार) बायोडाटा व्हाट्सएप करें-9826122148 (39465)

**आवश्यकता है-**फिल्ड/ ऑफिस वर्क हेतु लड़का/ लड़की की आवश्यकता है 10वी, 12वी, सैलरी 10000 मासिक इंटरव्यू- शनिवार 27/12/2025 सम्पर्क करें- प्रसाद एडवोकेट चैंबर्स, द्वितीय तल बजरंग कॉम्प्लेक्स तेलीपारा इमलीपारा रोड बिलासपुर 7828847691 (437)

**आवश्यकता है-**आवासीय सोसायटी में तीन सुरक्षा कर्मी चाहिए योग्यता 12वीं एवं MY Gate App चलाना आता हो केवल सुरक्षा एजेन्सी ही सम्पर्क करें- विजया रिजेन्सी ब्लॉक-बी, विजयापुरम सरकंडा बिलासपुर 81033 50341, 9977146747 (39450)

**आवश्यकता है-**सुरक्षागार्ड सिक्युरिटी सुपरवाइजर गनमैन फिल्ड ऑफिसर कम्प्यूटर ऑपरेटर, घरेलू कामवाली बाई। वेतन 8000-20000, आवास फ्री। पता- साईं सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जे.जे. हॉस्पिटल बाजू तोरवा बिलासपुर 80852 33213, 8253010291, 8889 997826 (39295)

**आवश्यकता है-**बिजली दुकान में कार्य करने के लिऐ अनुभवी लड़को की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 96917 02509 (39455)

**आवश्यकता है-**कंस्ट्रक्शन साइट में ईमानदार चौकीदार की आवश्यकता है परिवार वाले को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9303159900, 70007 84237 (39454)

**आवश्यकता है-**कम्प्यूटर ऑपरेटर 2 टेंडर कार्य, 20000 मार्केटिंग ऑफिसर 3, 40000 योग्यता MA/ MBA सुपरवाइजर 15, 15000 फील्ड अधिकारी 5, सुरक्षा गार्ड 66, 13000, 10000 वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय- 06, जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ीनाका रायपुर 7747000016, 77460 00016, 7746000019 (348)

**आवश्यकता है-**ऑफिस कार्य हेतु टेलिकॉलिंग महिला एवं युवतियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है सैलरी 5000 से 10000+ अतिरिक्त कमीशन सम्पर्क करें- गीतांजलि विहार लखन भोजनालय नेहरू नगर बिलासपुर 09685646863 (0301)

**आवश्यकता है-**श्याम इंटरप्राइजेज में पैकिंग कार्य अन्य कार्य हेतु लड़कों, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 6000 से 8000 (समय सुबह 10 से शाम 7बजे) सम्पर्क करें- साइन्स कॉलेज सरकंडा बिलासपुर 90747 41377 (434)

**आवश्यकता है-** दुकान में माल निकालने/जमाने हेतु लड़कियों, पैकिंग हेतु लड़को की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सलुजा मेडिकल एजेंसी मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा (440)

**आवश्यकता है-**बिलासपुर, जांजगीर, खरसिया में सुरक्षा गार्ड, सुपरवाईजर, ड्राइवर की आवश्यकता है। PF, ESIC मेडिकल आवास सुविधा फ्री सम्पर्क करें- सिद्धि विनायक सिक्युरिटी, राजेंद्र नगर बिलासपुर 9111175190 9098318675 (427)

## बेचना है

**बेचना है-**न्यूनतम कीमत पर सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र मकान वास्तु अनुसार बना सेन्ट फ्रान्सिस स्कूल से नजदीक नेहरू चौक से 2km, रिंग रोड नं.2, गौरव पथ से 500m. अमेरी में सम्पर्क- 81031 21458, 9575555811 (39464)

**बेचना है-**बिलासपुर गोड़पारा में निर्मित दो मंजिला मकान माया दुबे नर्सिंग होम के सामने जिसका भूस्वामी वैश्य (बैशवाड़े) कुर्मी समाज भाड़ी, है। क्षेत्रफल वर्गफीट में खसरा 169 रकबा 2478 वर्गफीट मकान बेचना है सम्पर्क करें- 9826173751, 70896 27465, 9399121049 (39446)

**बेचना है-**(1) सेमी कमर्शियल मकान अग्रसेन चौक के पास, विनायक नेत्रालय के पीछे जेकब चाल (2) मेडिकल कॉम्प्लेक्स में 24×40 का प्लाट (3) मंगला धुरीपारा में सलेबल प्लाट 50 डिसमिल (4) बोदरी में पृथ्वी होटल के पास 40×100 का प्लाट (5) कोटा में अर्चिट फार्म हाउस में 27 डिसमिल प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- जे.एन.के. ग्रुप प्रापर्टी एण्ड कंस्ट्रक्शन वृन्दावन परिसर फर्स्ट फ्लोर B-09 मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 6268171114, 8602877794 (39447)

**बेचना है-**(1) धीरा वर्ल्ड सकरी में TNC रेरा एप्रूव्ड प्लॉट (2) जोकी में 55 डिसमिल जमीन 170 फ्रंट सहित (3) तहसील तखतपुर ग्राम खम्हारिया में 95 डिसमिल जमीन सम्पर्क करें- 97132 85855 (39452)

**बेचना है-** (1) चिल्हाटी मोपका 36 एवं 50 डिसमिल 30फिट चौड़ी रोड प्री कास्ट बाउंड्री सहित (2) सीपत गुड़ी मेनरोड प्लाट 65 डिसमिल 130फिट फ्रंट (3) भारती नगर अयप्पा मंदिर के पास प्लाट 1400 वर्गफीट (4) कड़ार नेशनल हाईवे से लगा हुआ प्लाट 49 डिसमिल 250फीट फ्रंट (5) बेलमुंडी में 40 डिसमिल प्लाट बेचना है संपर्क 9479169997 (430)

**बेचना है-**हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड49 बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (38649)

**बेचना है-** 10×14=140 फुट दुकान मेन रोड पर मिशन हॉस्पिटल रोड राजू दोसा के सामने जिसमे दीदी गारमेन्ट लिखा है शीश महल के पास सदर बाजार में बेचना है। सम्पर्क- 9827938236, 8770963388 (39477)

**बेचना है-** 12×16 की दो दुकान गोदाम के लिए श्री राम प्लाजा में सिटी कोतवाली के पास सन्त कंवर राम मार्केट के सामने गोल बाजार के पास बेचना है सम्पर्क करें- 93008 33924 (39478)

**बेचना है-** प्लास्टिक जरीकेन (गेलन) बनाने की ब्लो मोल्डिंग मशीन 3 नग चालू हालत में 1 ली. से 35 ली. तक जरीकेन की डाई (मोल्ड) एवं कंप्रेसर, ग्राइंडिंग, मिक्सर मशीन बेचना है। बिजली सामान सहित, संपर्क भगवती प्रसाद शर्मा भाटा गांव चौक रायपुर छत्तीसगढ़ -94252 16136 (6514)

**बेचना है-**बिलासपुर मसानगंज में स्थित 6BHK का नवनिर्मित मकान, गीतांजलि सिटी फेस-2 के बगल में नया 2BHK मकान, कोटा मेन रोड में 2 एकड़ कमर्शियल प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 78988 55268 (39297)

**बेचना है-**करबला रोड भाजपा कार्यालय के सामने राजेश होजयरी के पीछे कपड़ा मार्केट गली में उत्तर मुखी 1000 वर्गफीट प्लाट बेचना है (घर गोदाम, हॉस्टल हेतु उपयुक्त) सम्पर्क करें- 8103121458, 9575555811 (39451)


आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां


## किराया

**किराया-**सल्फा, रायपुर रोड पर 7एकड़ तार से घिरी कृषि भूमि जिस पर धान, फल, सब्जी की खेती होती है, तालाब एवं दो पक्के मकान किराए से देना है। सम्पर्क- 7898918151 (39449)

## फाइनेन्स

**फाइनेन्स-**राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्क शीट, आधार कार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होम लोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे नोट- धोखेबाजों से सावधान हेड ऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्प लाइन नम्बर- 81683 38503, 8168338503 (435)

**फायनेंस-** बसुधा फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज) (30% छूट) संपर्कः- 9755239652 (439)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


Medicare Specialists
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।





18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच. सी. अग्रवाल डॉ. बी.के. अग्रवाल
94255-55659, 93039-48500 96177-89223, 93032-42200



**CLASSIFIED RATE CARD** — 01 अप्रैल 2025 से लागू, हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sqcm |
| Bhilai+Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sqcm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sqcm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sqcm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sqcm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sqcm |
| All CG+MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sqcm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sqcm |

SCHEME (Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15% extra. 2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt. 3. Box Prise per day Rs. 80/- 4. 20% per day extra charge for colour advt. 5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge. 6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day. 7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others. 8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD 9. SINGLE DAY BOOKING 100 RS. EXTRA.
WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4 | COLOUR 20% Extra Charge For Dispaly | ADVT. Booking Time 10.30 am to 4.00 pm. | GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL - Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 900/- 1 Sunday | 800/- 1 Sunday |
| 1800/- 2 Sunday | 1200/- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00,000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00,000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00,000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT :- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.:- 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

# बॉक्सिंग डे मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड का ऐलान, कमिंस बाहर, मर्फी करेंगे टेस्ट डेब्यू

एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर शुरू होने वाले चौथे एशेज टेस्ट में विश्राम दिया जाएगा जबकि चोटिल नाथन लियोन की जगह टॉड मर्फी को स्पिन गेंदबाज के रूप में टीम में शामिल किया गया है। मर्फी बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) मैच में ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें घोषित 15 सदस्यीय टीम में मैट कुहनेमैन और कोरी रोकिचिओली पर प्राथमिकता दी गई है। ऑस्ट्रेलिया एडिलेड ने तीसरा टेस्ट मैच जीतकर पहले ही एशेज अपने पास बरकरार रह चुका है। जून से पीठ दर्द के कारण परेशान रहे कमिंस ने एडिलेड टेस्ट में वापसी की थी लेकिन अगले मैच के लिए उन्हें विश्राम दिया जाएगा। कमिंस ने एडिलेड में इंग्लैंड पर ऑस्ट्रेलिया की 82 रन की जीत के बाद कहा था कि उनका एमसीजी में खेलना मुश्किल है।





**ऑस्ट्रेलिया टीम:** स्टीव स्मिथ (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, झाई रिचर्डसन, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, ब्यू वेबस्टर।

### टी20 विश्व कप में कमिंस का खेलना संदिग्ध

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस का अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलना संदिग्ध है क्योंकि वह पीठ की चोट से अभी तक पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं। कमिंस इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के पहले दो मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने एडिलेड में खेले गए तीसरे एशेज टेस्ट में वापसी की और छह विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कमिंस अब इस श्रृंखला के बाकी बचे दो मैच में नहीं खेल पाएंगे और यहां तक कि उनका टी20 विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध है। ऑलराउंडर मिचेल मार्श टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान हैं। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, 'विश्व कप का बेसब्री से इंतजार है। वह (कमिंस) इस टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल होंगे या नहीं, मैं अभी इस बारे में स्पष्ट तौर पर कुछ नहीं कर सकता।

### स्मिथ करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी

स्टीव स्मिथ अस्वस्थ होने के कारण तीसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे लेकिन अब उनके ठीक होने की उम्मीद है। कमिंस की अनुपस्थिति में वह एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे। तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन टीम में वापस बुलाए जाने के बाद चार साल से अधिक समय में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए दावेदार हैं। तीसरे टेस्ट के अंतिम दिन चौका बचाने के लिए डाइव लगाते समय लियोन की हैमस्ट्रिंग में मोच आ गई। 38 वर्षीय लियोन अपने टेस्ट करियर में अधिकतर समय चोटों से मुक्त रहे। इससे पहले उन्हें एक बार 2023 में पिंडली की चोट के कारण एशेज टेस्ट मैच से बाहर होना पड़ा था। इंग्लैंड में खेली गई इस श्रृंखला में लियोन के चोटिल होने के बाद मर्फी ने दो टेस्ट खेले थे, जिसमें उन्होंने ओवल में छह विकेट लिए थे। एशेज श्रृंखला का पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच तीन जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हरमनप्रीत और सविता को सूरमा हॉकी क्लब की कमान



**नई दिल्ली।** स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और गोलकीपर सविता आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में फिर से सूरमा हॉकी क्लब की पुरुष और महिला टीमों की कमान संभालेंगे। मिडफील्डर सलीमा टेटे को महिला टीम की उप कप्तान नियुक्त किया गया है। भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, 'इस टीम का नेतृत्व करना विशेष होता है। पिछले सत्र में तीसरे स्थान पर रहने से हमारी क्षमता का पता चलता है और इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिला है। मेरा मानना है कि हमारे पास सर्वश्रेष्ठ टीमों को चुनौती देने के लिए सही संयोजन है।' महिला टीम पिछले साल उपविजेता रही थी, जिसमें सविता और सलीमा ने अहम भूमिका निभाई थी।

### स्ट्राइकर नेमार की हुई सर्जरी खेल सकते हैं विश्व कप

**साओ पाउलो।** स्टार स्ट्राइकर नेमार के बाएं घुटने की सर्जरी हुई है लेकिन उन्हें अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल विश्व कप में खेलने और ब्राजील की तरफ से फाइनल में गोल करने की उम्मीद है। नेमार के क्लब सैंटोस ने बताया कि इस 33 वर्षीय खिलाड़ी के बाएं घुटने की मामूली सर्जरी हुई है। इस चोट के कारण वह इस साल लंबे समय तक बाहर रहे। उनकी आर्थ्रोस्कोपी सर्जरी रोड्रिगो लास्मार ने की, जो ब्राजील टीम से भी जुड़े हुए हैं।



### कोच के रूप में भविष्य नियंत्रण में नहीं : मैकुलम

**मेलबर्न।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ऑस्ट्रेलिया के हाथों एशेज श्रृंखला में हार के बावजूद अपने पद पर बने रहना चाहते हैं लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि इस निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कोच के रूप में उनका भविष्य अब उनके नियंत्रण में नहीं है। इंग्लैंड ने पहले तीन टेस्ट मैचों के अंदर ही एशेज को 3-0 से गंवा दिया, जिसके बाद मैकुलम की भूमिका पर सवाल उठने लग गए हैं।



### आज सुबह 9 बजे से बेंगलुरु में घरेलू वनडे, खेलेंगे दिग्गज खिलाड़ी

# सितारों की मौजूदगी से दमकी विजय हजारे ट्रॉफी, कोहली-रोहित-गिल से बढ़ा रोमांच

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा सहित कई शीर्ष भारतीय क्रिकेटरों की उपस्थिति से 24 दिसंबर से शुरू होने वाले विजय हजारे एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट की चमक बढ़ गई है, जिसमें इन दिग्गज खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने और अपनी क्षमता साबित करने का मौका मिलेगा। विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने वाले स्टार खिलाड़ियों की कतार में ऋषभ पंत, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, अभिषेक शर्मा जैसे नाम शामिल हैं, लेकिन कोहली और रोहित जितनी सुर्खियां किसी और को नहीं मिलतीं।

### घरेलू ट्रॉफी के दो मैच में खेलना अनिवार्य

कोहली और रोहित को इसलिए घरेलू टूर्नामेंट में खेलना पड़ रहा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी भारतीय क्रिकेटरों के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैच में खेलना अनिवार्य कर दिया गया है। कोहली 15 साल बाद इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। उनका और रोहित का इस टूर्नामेंट में खेलने का सीधा मतलब है कि यह दोनों खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट में विकसित हो रहे शक्ति समीकरणों से अछूते नहीं हैं। यह दोनों खिलाड़ी अभी क्रिकेट जगत के स्टार हैं लेकिन क्रिकेट परिदृश्य में तेजी से बदलाव हो रहा है, जिसका असर इन दोनों पर पड़ना लाजमी है।



### टीम में जगह बनाने के लिए जूझ रहे पंत

खिलाड़ियों में पंत भी शामिल है, जो टेस्ट क्रिकेट की टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं लेकिन सीमित ओवरों की टीम में जगह बनाने के लिए जूझ रहे हैं। पंत विजय हजारे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ खींचने की कोशिश करेंगे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने अगस्त 2024 के बाद से वनडे या टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है।

### गिल करेंगे लय हासिल करने की कोशिश

गिल आगामी टी20 विश्व कप के लिए नजरअंदाज किए जाने के बाद लय हासिल करने कोशिश करेंगे। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज पंजाब के लिए खेलते हुए अपनी निराशा को दूर करने का प्रयास करेगा। गिल के लिए यह अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से पहले एक अच्छा अभ्यास होगा, जिसमें वह भारत की कप्तानी करेंगे।

### तेज गेंदबाजों पर चयनकर्ताओं की निगाह

इस टूर्नामेंट में चयनकर्ताओं की निगाह तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन पर भी टिकी रहेगी। कुछ साल पहले मोहम्मद सिराज के रणजी ट्रॉफी में अच्छे प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बाद से कोई भी अन्य तेज गेंदबाज ऐसा करने में सफल नहीं रहा है। भारतीय टीम में शामिल तेज गेंदबाजों में प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा और आकाश दीप के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। इस संदर्भ में गुरजपनीत सिंह (तमिलनाडु), गुरनूर बरार (पंजाब), युद्धवीर सिंह (जम्मू कश्मीर), अनुज ठकराल (हरियाणा) और साकिब हुसैन (बिहार) आदि खिलाड़ियों में चयनकर्ताओं की विशेष रुचि होगी।

**मुंबई की तरफ से खेलेंगे रोहित**

रोहित ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह मुंबई की तरफ से सिक्किम और उत्तराखंड के खिलाफ जयपुर में 24 और 26 दिसंबर को होने वाले पहले दो मैच खेलेंगे। कोहली ने मुंबई में भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ के साथ अभ्यास किया। उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह दिल्ली के लिए कौन से दो या तीन मैच खेलेंगे। दिल्ली एलीट ग्रुप डी में बेंगलुरु में आंध्र के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। यह मैच बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस (सीओई) में खेला जाएगा क्योंकि कर्नाटक सरकार ने सुरक्षा कारणों से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैचों के आयोजन को अनुमति नहीं दी। दिल्ली का अगला मुकाबला गुजरात से होगा।

## आईसीसी रैंकिंग

# दुनिया की नंबर-1 गेंदबाज बनीं दीप्ति, मंधाना से छिना ताज

एजेंसी ▸▸| दुबई

स्टार भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा अपने करियर में पहली बार आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गईं। विशाखापत्तनम में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 28 साल की ऑफ स्पिनर दीप्ति ने 20 रन देकर एक विकेट चटकाया और इस प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गईं। दीप्ति ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज से एक रेटिंग अंक आगे 737 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी पांच स्थान के फायदे से 36वें स्थान पर हैं जबकि स्पिनर श्री चरणी 19 स्थान की लंबी छलांग के साथ 69वें स्थान पर पहुंच गईं। स्मृति मंधाना शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय बल्लेबाज बनी हुई हैं। वह तीसरे स्थान पर हैं।

- ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज से एक रेटिंग अंक आगे 737 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर दीप्ति




### जेमिमा पांच स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर

विशाखापत्तनम में 44 गेंद में नाबाद 69 रन बनाकर मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं जेमिमा रोड्रिग्स पांच स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर हैं। भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय बल्लेबाज बनी हुई हैं। वह तीसरे स्थान पर हैं। शेफाली वर्मा एक स्थान नीचे खिसककर 10वें स्थान पर हैं।

### वोलवार्ट ने स्मृति पर बनाई नौ अंक की बढ़त

आयरलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दूसरे और तीसरे मैच में 124 और नाबाद 100 रन बनाकर लगातार दो शतक जड़ने वाली वोलवार्ट ने स्मृति पर नौ अंक की बढ़त बना ली। वोलवार्ट ने करियर के सर्वश्रेष्ठ 820 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस 45 और 64 रन की पारियों के बाद चार स्थान ऊपर 18वें स्थान पर पहुंच गई हैं। उनकी टीम की साथी ऐमी हंटर 31वें से 28वें स्थान पर पहुंच गईं जबकि दक्षिण अफ्रीका की सुने लुस (सात स्थान ऊपर 34वें स्थान पर) और डेन वैन नीकर्क (24 स्थान ऊपर 95वें स्थान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है।






# मिस्र ने जिम्बाब्वे को 2-1 से हराया स्ट्राइकर सलाह ने दागा शानदार गोल

एजेंसी ▸▸| रबात

स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सलाह के गोल की मदद से मिस्र ने जिम्बाब्वे को 2-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशंस फुटबॉल टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत की। विश्व रैंकिंग में 129वें स्थान की टीम जिम्बाब्वे ने मिस्र के सामने कड़ी चुनौती पेश की और एक समय वह मैच ड्रॉ कराने के करीब पहुंच गया था। ऐसे में सलाह में इंजरी टाइम में गोल करके मिस्र को जीत दिलाई। एक अन्य मैच में दक्षिण अफ्रीका ने अंगोला को 2-1 से हराया। यह दक्षिण अफ्रीका की अंगोला के खिलाफ पिछले छह मैचों में पहली जीत है। कैसाब्लांका में खेले गए एक अन्य मैच में पैटसन डाका ने स्टॉपेज टाइम में गोल किया, जिससे जाम्बिया ने माली के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ कराया। मेजबान देश मोरक्को ने रविवार को कोमोरोस पर 2-0 से जीत हासिल की थी।

# प्रियांदना ने टी20 में किया कमाल एक ओवर में झटके 5 विकेट

**बाली।** इंडोनेशिया के गीड प्रियांदना टी20 इंटरनेशनल में एक ओवर में पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए। उन्होंने कंबोडिया के खिलाफ मुकाबले में यह करिश्मा किया। गीड प्रियांदना ने बाली में खेले गए मुकाबले में एक ही ओवर फेंका और इसमें हैट्रिक समेत पांच विकेट चटकाए। इससे इंडोनेशिया ने 60 रन से मैच जीत लिया। कंबोडिया का स्कोर प्रियांदना के ओवर से पहले पांच विकेट पर 106 रन था और उसे जीत के लिए पांच ओवर में 62 रन की जरूरत थी।

28 साल के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रियांदना पहले क्रिकेटर हैं, जिन्होंने टी20 इंटरनेशनल में एक ओवर में पांच विकेट लिए हैं। वे 16वें ओवर में बॉलिंग के लिए आए। उन्होंने पहली तीन गेंदों पर शाह अबरार हुसैन, निर्मलजीत सिंह और चांटथुम रथानक को आउट कर हैट्रिक पूरी की। उनकी अगली गेंद खाली रही। इससे अगली गेंद पर उन्होंने मोंगदरा सोक को आउट किया। फिर एक वाइड रही। आखिरी गेंद पर पेल वेनाक को आउट कर उन्होंने पांच विकेट पूरे किए। साथ ही कंबोडिया की पारी भी सिमट गई। प्रियांदना के ओवर से केवल एक रन गया, जो वाइड के जरिए था। पुरुष टी20 क्रिकेट में एक ओवर में पांच विकेट लेने का कमाल दो बार हो चुका है। 2013-14 में बांग्लादेश के अल अमीन हुसैन ने अबाहनी लिमिटेड के खिलाफ विक्ट्री डे टी20 कप में पांच विकेट लिए थे।




**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र. 46/ब-121/2025-2026
ग्राम- सरखों तहसील-जांजगीर
आवेदक श्री दिनेश कुमार राठौर उम्र 34 वर्ष पिता श्री रूपनारायण राठौर जाति तेली निवासी ग्राम सरखों तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चापा (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. हीना कुर्रे उम्र 33 वर्ष पिता श्री गुलाबचंद कुर्रे जाति सतनामी निवासी आदर्श नगर कुसमुण्डा वार्ड नं. 55 तहसील कटघोरा थाना कुसमुण्डा जिला कोरबा (छ.ग.) **बनाम** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम **सरखों** तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दिनेश कुमार राठौर उम्र 34 वर्ष पिता श्री रूपनारायण राठौर जाति तेली निवासी ग्राम सरखों तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. हीना कुर्रे उम्र 33 वर्ष पिता श्री गुलाबचंद कुर्रे जाति सतनामी निवासी आदर्श नगर कुसमुण्डा वार्ड नं. 55 तहसील कटघोरा थाना कुसमुण्डा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक **21.01.2026** को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.12.2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया
**विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

# नेपोली ने तीसरी बार जीता इटालियन सुपर कप, नेरेस ने लगाए जोरदार शॉट

एजेंसी ▸▸| रियाद

डेविड नेरेस ने दोनों हाफ में एक-एक गोल किया, जिससे मौजूदा सीरी ए चैंपियन नेपोली ने सऊदी अरब में खेले गए फाइनल में बोलोग्ना को 2-0 से हराकर तीसरी बार इटालियन सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीता। नेरेस का 39वें मिनट में पहला गोल किया। उनका 25 मीटर की दूरी से बाएं पैर से लगाया गया शॉट दूर के कोने में जाकर लगा। उन्होंने बोलोग्ना के गोलकीपर फेडेरिको रावग्लिया को इसे बचाने का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने मैच का एक घंटा पूरा होने के बाद अपना दूसरा गोल किया। नेरेस ने रावाग्लिया के एक ढीले पास का फायदा उठाया और जॉन लुकुमी से गेंद छीनकर गोलकीपर के ऊपर से उसे गोल में डाल दिया। नेपोली ने इससे पहले 1990 और 2014 में सुपर कप जीता था।

- 1990 और 2014 में सुपर कप जीता था



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना संख्याः एनआईटी/11/25/22, दिनांक 17.12.2025.**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामाग्री प्रबंधक/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर संभाग निम्नलिखित सामाग्रियों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है।

| क्र. | निविदा संख्या | निविदा खुलने की तिथि | निविदा खुलने का समय | निविदा प्रपत्र की लागत ₹ | अर्नेस्ट मनी डिजाजिट ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11255416A | 15.01.2026 | 10.30 | 00 | 1,48,100.00 |

**विवरण:** ड्राइंग संख्या RDSO/WKS/2018/3 (संलग्न विनिर्देश/ ड्राइंग) के अनुसार, सीट विभाजन के बिना बैकरेस्ट के साथ SS304 में 4-सीटर बेंच की आपूर्ति और स्थापना। निविदाकर्ता कृपया हमारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर जाएं। **नोट:** विवरण से संबंधित विवादास्पद मामले में मूल अंग्रेजी पाठ प्रमाणिक मानी जाएगी।
*सीपीआर/10/560* *वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक/टीआरएस/ बिलासपुर*
South East Central Railway @secrail

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)**
क्र./परि.शा./न.नि./2025/3250/361 भिलाई दिनांक 22/12/2025
**E-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम नं. | निविदा लागत राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जवाहर मार्केट का उन्नयन एवं विकास कार्य। | 182084 | रु. 6,38,25,000.00 | 05.01.2026 |

निविदा नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा www.uad.cg.gov.in संचालनालय की वेबसाईट से भी देखी जा सकती है।
**कार्यपालन अभियंता**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of labour & Employment, Govt of India)
क्षेत्रीय कार्यालय, 107, राम नगर रोड, कोटा, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492010
REGIONAL OFFICE, 107, RAM NAGAR ROAD, KOTA, RAIPUR (CHHATTISGARH)-492010
Phone:0771-2254589, Email:rd-cgarh@esic.nic.in
website:www.esic.nic.in/www.esic.in

**सार्वजनिक सूचना**

सभी संबंधित नियोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि SPREE 2025 योजना, जो कि 01.07.2025 से प्रभावी है और जिसके अंतर्गत नियोक्ताओं को पंजीकरण तिथि से पूर्व की अवधि हेतु किसी भी प्रकार की बकाया देनदारी की मांग तथा निरीक्षण से पूर्णतः छूट प्रदान करते हुए, ईएसआईसी में पंजीकरण का विशेष अवसर उपलब्ध कराया गया है, 31.12.2025 को समाप्त हो रही है।

ध्यान रहे की **SPREE 2025 के केवल आखिरी 07 दिन शेष हैं।** दिनांक 01.01. 2026 से, पंजीकरण से पूर्व की अवधि हेतु निरीक्षण एवं विधिक कार्रवाई से प्राप्त छूट उपलब्ध नहीं होगी।

अतः सभी नियोक्ताओं से अपेक्षित है कि वे 31 दिसंबर 2025 की अंतिम तिथि से पूर्व ही अपना ईएसआईसी पंजीकरण पूर्ण कर लें, जिससे अंतिम समय में होने वाली किसी भी प्रकार की देरी, भविष्य में संभावित विधिक जटिलताओं व निरीक्षणों एवं लगने वाले दंड से बचा जा सके।

**क्षेत्रीय निदेशक**

# एलियन मिलने वाले हैं! ब्रिटेन की टॉप वैज्ञानिक ने रखी टाइमलाइन


2025 के दौरान ज्यादातर टाइम एलियंस, यूएफओ, यूएपी, ब्रह्मांड में एलियंस के अस्तित्व और उनके भविष्य में इंसानों से मिलने की संभावना जैसी चर्चाओं से भरा रहा है। जिसमें 3I/एटलस नाम के इंटरस्टेलर ऑब्जेक्ट के धरती के पास आने की चर्चा और भी तेज हो गई।

**लंदन।** क्योंकि, कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि ये इतने सीधे रास्ते पर है कि ये शायद एक एलियन का अंतरिक्ष यान हो सकता है। अब इस चर्चा में ब्रिटेन की एक शीर्ष अंतरिक्ष वैज्ञानिक भी शामिल हो चुकी हैं। उन्होंने घोषणा घोषणा करते हुए कहा कि उन्हें पूरी तरह से विश्वास है कि ब्रह्मांड में एलियंस मौजूद हैं और उन्होंने एलियंस की खोज के लिए एक तय समय सीमा भी बताई है।



### 2075 में मिलेंगे एलियन

वैज्ञानिकों ने इसके लिए एक ड्रेक समीकरण भी प्रस्तुत किया है। जिसके अनुसार ब्रह्मांड में आकाशगंगाओं की बड़ी संख्या ये दर्शाती है कि हम अकेले नहीं हैं। क्योंकि, अकेले मिल्की वे आकाशगंगा में ही 300 अरब से अधिक तारे हैं, जिनमें सभी हमारे सूर्य के समान हैं और कुछ तो उससे भी बड़े हैं। खगोलविदों का दावा है कि हमारे सौर मंडल के बाहर तारों की परिक्रमा करने वाले हजारों ग्रहों की खोज हुई है। जिनमें अकेले नासा ने ही कम से कम 6000 दूसरे ग्रहों की पुष्टि की है। आपको बता दें कि पृथ्वी से लगभग 124 प्रकाश वर्ष दूर स्थित एक ऐसा ही ग्रह के2–18बी 2025 में सुर्खियां बटोर चुका है। ये पृथ्वी से बड़ा है और अपने रहने लायक क्षेत्र में मौजूद एक लाल बौने तारे की परिक्रमा करता है। जिसके वायुमंडल में वैज्ञानिकों ने ऐसे अणुओं का भी पता लगाया है, जो केवल तभी संभव हैं जब वहां किसी प्रकार का जीवन मौजूद हो।



### मैगी ने किया दावा

उनका मानना है कि अगले 50 साल के अंदर एलियन मिल जाएंगे। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के भौतिकी और खगोल विज्ञान विभाग की डेम मैगी एडरिन-पोकॉक ने यह भी दावा किया कि इंसान 2075 तक किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की खोज कर लेगा। हालांकि, उनकी इस बात पर लगभग सभी वैज्ञानिक इस बात पर सहमत हैं कि जब कभी भी किसी एलियंस की खोज होगी तो वो तकनीकी तौर पर हमेशा कहीं ज्यादा विकसित होगी। डेम मैगी का भी यही मानना है और वो कहती है कि जब कभी एलियंस मिलेंगे तो वो इंसानों से कहीं अधिक प्राचीन होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मैगी ने यह भी का कि ब्रह्मांड में लगभग 200 अरब से ज्यादा आकाशगंगाएं होने का अनुमान है, जिसके चलते पृथ्वी ही अकेली ऐसी जगह नहीं हो सकती जहां जीवन के लिए आवश्यक तत्व मौजूद हों। उन्होंने अपनी थ्योरी पर विश्वास जताते हुए कहा कि कहीं न कहीं जीवन अवश्य है। इसके पीछे उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि इतने सारे तारों और इतने सारे ग्रहों के होते हुए, जीवन सिर्फ धरती पर ही क्यों होगा।

## रोचक खबरें

### रसोई की मरम्मत में निकला 400 साल पुराना खजाना

**लंदन।** इंग्लैंड के वेस्ट डॉर्सेट में रहने वाले रॉबर्ट फूक्स और उनकी पत्नी बेट्टी फूक्स अपने 400 साल पुराने फार्महाउस की किचन का रेनोवेशन कर रहे थे। मकसद था फर्श को थोड़ा नीचे कर छत की ऊंचाई बढ़ाना, लेकिन उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि यह फैसला इतिहास बना देगा। जैसे ही रॉबर्ट ने कंक्रीट फर्श हटाकर गहरी खुदाई शुरू की, उनकी गैंती किसी सख्त चीज से टकराई। टॉर्च की रोशनी में जो दिखा, उसने सबको चौंका दिया...मिट्टी के बर्तन में भरे चमकदार पुराने सिक्के। इस टूटे हुए बर्तन के भीतर करीब 100 से ज्यादा सोने और चांदी के सिक्के थे। बाद में विशेषज्ञों ने पुष्टि की कि ये सिक्के 1642 से 1644 के बीच के हैं, यानी इंग्लैंड के पहले सिविल वॉर के समय के। इस संग्रह को अब पोर्टन कॉइन होर्ड के नाम से जाना जाता है। इसमें किंग जेम्स प्रथम और किंग चार्ल्स प्रथम के सोने के सिक्के, साथ ही क्वीन एलिजाबेथ प्रथम, फिलिप और मैरी के शासनकाल के चांदी के हाफ क्राउन, शिलिंग और सिक्सपेंस शामिल थे। इतिहासकारों के मुताबिक, उस दौर में इंग्लैंड गृहयुद्ध की आग में जल रहा था। सैनिक गांव-गांव जाकर खाने और कीमती सामान की मांग करते थे। जिस परिवार पर किसी एक पक्ष का समर्थन करने का शक होता, उसकी संपत्ति जब्त कर ली जाती। ऐसे में लोग अपना धन सुरक्षित रखने के लिए जमीन में दबा देते थे। माना जा रहा है कि फूक्स परिवार के पूर्वजों ने भी इसी डर में ये सिक्के छिपाए, लेकिन शायद युद्ध या मौत के कारण वे इन्हें वापस निकालने कभी नहीं लौट पाए।



### बहुत ज्यादा खाती है...शख्स ने अपनी मंगेतर पर किया केस, मांगे खर्च किए हुए 6 लाख

**बीजिंग।** अपनी मंगेतर, गर्लफ्रेंड या पत्नी पर पैसे खर्च करना तो आम बात है। हर कोई करता है, लेकिन इसके लिए कोई उसपर केस कर दे, ये बड़ा ही अजीब और हास्यास्पद लगता है, पर चीन में कुछ ऐसा ही हुआ है और ये अजीबोगरीब घटना इंटरनेट पर भी चर्चा का विषय बन गई है। दरअसल, यहां एक शख्स ने ये कहकर अपनी मंगेतर पर मुकदमा दायर कर दिया कि उसने बहुत ज्यादा खा लिया था और अब उसने उसपर खर्च किए गए सारे पैसे वापस करने की मांग की है। इस अदालती सुनवाई की खबर 9 दिसंबर को सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो गई. हालांकि इसके बाद उसे ऑनलाइन आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। चीनी मीडिया के मुताबिक, वांग नाम के शख्स ने अपनी मंगेतर पर मुकदमा दायर कर उसके परिवार द्वारा मंगेतर के परिवार पर खर्च किए गए 20,000 युआन (2,800 अमेरिकी डॉलर) यानी करीब 2.50 लाख रुपए लौटाने की मांग की है। इसके अलावा उसने उससे वो 30,000 युआन (4,200 अमेरिकी डॉलर) यानी करीब 3.76 लाख रुपए भी वापस करने की भी मांग की, जो उसने डेटिंग के दौरान उसपर खर्च किए थे। इसमें कपड़ों की खरीदारी भी शामिल थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, वांग और उनकी मंगेतर दोनों ही चीन के हेइलोंगजियांग प्रांत स्थित एक ही गांव के रहने वाले हैं। उनकी मुलाकात एक मीडिएटर के जरिए हुई थी और उसके बाद उन्होंने सगाई कर ली।



दावा

क्या बदल जाएगी मेडिकल साइंस की दुनिया?

# जहर ही देगा जिंदगी, मधुमक्खियां करेंगी 'ब्रेस्ट कैंसर' का इलाज!

ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों वैज्ञानिकों ने पाया कि मधुमक्खियों का जहर आक्रामक स्तन कैंसर सेल्स को खत्म करने में काफी कारगर है। इस खोज को रोमांचक बताते हुए दावा किया जा रहा है कि हम जल्दी ही और रिसर्च के साथ दुनियाभर की महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर के मेडिकल इलाज में इसका इस्तेमाल कर सकेंगे।

**केनबरा।** अगर मधुमक्खी आपको डंक मार दे तो आप को असहनीय पीड़ा झेलनी पड़ती है और कभी-कभी ज्यादा मधुमक्खियों के हमले से इंसान की जान भी जा सकती है। अब अगर हम आपको बताएं कि मधुमक्खी के जहर से कैंसर जैसी घातक बीमारी का इलाज भी किया जाता है तो आप हैरत में पड़ जाएंगे। आप बिलकुल मत चौंकिए ये बिल्कुल सही है। ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों ने इस पर शोध शुरू कर दिया है। वैज्ञानिकों ने पाया कि मधुमक्खियों का जहर आक्रामक स्तन कैंसर सेल्स को खत्म करने में काफी कारगर है। इस खोज को रोमांचक बताते हुए दावा किया जा रहा है कि हम जल्दी ही और रिसर्च के साथ दुनियाभर की महिलाओं में होने वाले स्तन कैंसर के मेडिकल इलाज में इसका इस्तेमाल कर सकेंगे।

मधुमक्खी के ज़हर का इस्तेमाल, इसमें मौजूद मेलिटिन नाम के कंपाउंड के साथ दो तरह के कैंसर ट्रिपल-नेगेटिव और एचईआर2-एनरिच्ड के खिलाफ किया गया है जिनका इलाज करना सबसे मुश्किल है। यह कॉम्बिनेशन इन सेल्स की वायबिलिटी को कम करने में असरदार पाया गया। 25 साल की PhD रिसर्चर सिएरा डफी ने इस स्टडी को लीड किया उन्होंने बताया, 'हमने पाया कि मधुमक्खी का ज़हर और मेलिटिन दोनों ने ट्रिपल-नेगेटिव ब्रेस्ट कैंसर और एचईआर2-एनरिच्ड ब्रेस्ट कैंसर सेल्स की वायबिलिटी को काफी हद तक, चुनिंदा तरीके से और तेज़ी से कम किया।'




### ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड और इंग्लैंड की 312 मधुमक्खियों पर रिसर्च

यह स्टडी, जो वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया में हैरी पर्किन्स इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल रिसर्च द्वारा की गई थी, नेचर प्रिसिजन ऑन्कोलॉजी, एक पीयर-रिव्यूड जर्नल में पब्लिश हुई थी। डॉ. सिएरा डफी ने वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड और इंग्लैंड में 312 मधुमक्खियों और भौंरों से लिए गए ज़हर के असर का अध्ययन अलग-अलग तरह के ब्रेस्ट कैंसर पर किया, जिसमें ट्रिपल-नेगेटिव ब्रेस्ट कैंसर भी शामिल है, जिसके इलाज के बहुत कम ऑप्शन हैं। स्टडी में पाया गया कि ज़हर की एक खास कंसंट्रेशन एक घंटे के अंदर कैंसर सेल्स को मारने में सक्षम थी, जबकि हेल्दी सेल्स को कम से कम नुकसान पहुंचा रही थी। हालांकि, ज़्यादा डोज़ ज़्यादा ज़हरीली पाई गईं।

### सिंथेटिक रूप से भी बनाया जा सकता है मेलिटिन

रिसर्चर्स ने यह भी पाया कि मधुमक्खी के जहर में पाया जाने वाला मेलिटिन एक कंपाउंड है जो कैंसर सेल्स की ग्रोथ को रोकने या बाधित करने में अपने आप में असरदार था। हालांकि, मेलिटिन स्वाभाविक रूप से मधुमक्खी के जहर में पाया जाता है। इसे सिंथेटिक रूप से भी बनाया जा सकता है। डॉ. सिएरा ने बताया, 'हमने मधुमक्खी के ज़हर में मेलिटिन नाम के एक बहुत छोटे पॉजिटिव चार्ज वाले पेप्टाइड का टेस्ट किया, जिसे हम सिंथेटिक रूप से बना सकते थे और पाया कि सिंथेटिक प्रोडक्ट ने मधुमक्खी के जहर के ज़्यादातर एंटी-कैंसर असर को समझाया।' ट्रिपल-नेगेटिव ब्रेस्ट कैंसर इस बीमारी के सबसे आक्रामक रूपों में से एक है और आमतौर पर इसका इलाज सर्जरी, रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी से किया जाता है। यह सभी ब्रेस्ट कैंसर के मामलों का लगभग 10-15% होता है।

### जंगल से निकल मंदिर की सीढ़ियों पर पहुंच गया शेर डरकर भागने लगे श्रद्धालु



**नई दिल्ली।** इंटरनेट पर एक बेहद हैरान और डराने वाला वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो देखने के बाद आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे। यह मामला गुजरात के विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थधाम पालिताना का है। यहां पर 22 दिसंबर की सुबह शत्रुंजय पर्वत की सीढ़ियों पर श्रद्धालुओं के सामने अचानक बब्बर शेर आ गया। यात्रा के रास्ते शेर को घूमता देख वहां मौजूग श्रद्धालुओं की सांसें रुक गईं। बीते दो महीनों में दूसरी इस पवित्र पर्वत पर शेर नजर आया है।

**लोगों के सामने आ गया अचानक शेर** : बताया जा रहा है कि रविवार सुबह 10 बजे का यह मामला है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए शत्रुंजय पर्वत पर चढ़ाई कर रहे थे और कुछ लोग नीचे की तरफ उतर रहे थे। इसी दौरान अचानक सीढ़ियों पर एक शेर टहलता हुआ आ पहुंचा। सामने शेर को देखकर वहां भगदड़ जैसा माहौल हो गया। वायरल वीडियो में डर का माहौल साफ देख सकते हैं। वीडियो में एक युवक को डरकर चिल्लाते हुए सुना जा सकता है कि ए भाई, इस साइड आ रहा है। कुछ महिलाएं एक-दूसरे को शांत रहने और शोर न मचाने की बात कह रही हैं। डर के माहौल में भी कुछ श्रद्धालुओं की आस्था नहीं डगमगाई और वे 'जय आदिनाथ' का जाप करते हुए भगवान को याद करने लगे।

# दुनिया की सबसे अनोखी जगह, जहां 82 साल से रुका हुआ है समय!

**लंदन।** दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं, जिनके बारे में जानकर लोग चौंक जाते हैं। अक्सर लोग इनकी चर्चा करते हैं। धरती पर एक ऐसा ही गांव जिसकी समय-समय चर्चा होती है। यहां गांव इंग्लैंड में स्थित हैं। यहां पर जाने पर पता चलता है कि समय थम गया है। गांव में घर, गलियां, चौराहे, लैंपपोस्ट सब 20वीं सदी के शुरुआत की तरह ही हैं। इस गांव में आने वाले को ऐसा लगता है, जैसे वो एक सदी पीछे चला गया हो।

साल 1943 टाइनहम गांव के लिए अहम साबित हुआ। ब्रिटिश सेना ने दूसरे विश्व युद्ध के दौरान इस गांव को कब्जे में ले लिया, क्योंकि यहां पर सैन्य ट्रेनिंग होनी थी। लुलवर्थ फायरिंग रेंज के पास यह गांव है। इसकी वजह से इसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना गया। सेना के आदेश के बाद पूरे गांव को खाली करा दिया गया, जिसने सैकड़ों जिंदगियों को हमेशा के लिए बदलकर रख दिया। यहां के रहने वाले लोग अपना बलिदान राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में मानते हुए गांव खाली कर दिया। लोगों को युद्ध खत्म होने के बाद लौटने की उम्मीद थी।



### कभी नहीं लौट पाए यहां के निवासी

पत्थर के घर, सुनसान सड़कें और खामोशी अभी उन लोगों की याद दिलाती है, जो कभी यहां पर हंसी-खुशी के साथ अपने परिवार के साथ रहते थे। यह गांव आज भी अपने बीते कल को सीने से लगाए है। यहां पर एक समृद्ध समुदाय के लोग रहते थे। गांव को छोड़ने के बाद उन्हें फिर कभी वापस लौटने की इजाजत नहीं दी गई। टाइनहैम गांव ब्रिटिश इतिहास का एक अनोखा हिस्सा है। अतीत का एक ऐसा अवशेष जो स्मृतियों में हमेशा याद रखा जाएगा।




# डिलीवरी बॉय ने 5 साल में बचाए 1.43 करोड़ रुपए, चुकाया कर्ज

**बीजिंग।** एक डिलीवरी बॉय कितना ही कमा लेता होगा? शायद ये बात कभी-कभी आपके भी दिमाग में आती होगी। आपको लगता होगा कि डिलीवरी बॉय अपना और अपने परिवार का पेट पालने भर तो आराम से कमा लेते होंगे, लेकिन आजकल चीन का एक ऐसा फूड डिलीवरी बॉय वायरल हो रहा है, जिसने अपनी कमाई से सबको हैरान-परेशान कर दिया है। दरअसल, इस डिलीवरी बॉय ने फूड डिलीवरी करके पिछले पांच साल में 1.12 मिलियन युआन (160,000 अमेरिकी डॉलर) यानी करीब 1.43 करोड़ रुपये की बचत की है और अपना पूरा कर्ज चुका दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 25 वर्षीय झांग जुएकियांग साल 2020 में एक प्रमुख प्लेटफॉर्म में डिलीवरी का काम करने के लिए शंघाई आए थे. उससे पहले वो दक्षिणपूर्वी चीन के फुजियान प्रांत के झांगझोउ स्थित अपने गृहनगर में अपने दोस्त के साथ मिलकर एक छोटा सा ढाबा चलाते थे, लेकिन वो बंद हो गया, जिसकी वजह से उनपर 50,000 युआन (7,000 अमेरिकी डॉलर) करीब 6.27 लाख रुपये का कर्ज हो गया। फिर उन्होंने फूड डिलीवरी का काम किया और अपना सारा कर्ज चुका दिया।



### हफ्ते में सातों दिन करते हैं काम

झांग ने बताया, 'मैं दिन में लगभग 13 घंटे और हफ्ते में सातों दिन काम करता हूं। खाने और सोने के अलावा मैं अपना सारा समय ग्राहकों को खाना पहुंचाने में बिताता हूं। वह सुबह 10.40 बजे काम शुरू करते हैं और अगले दिन सुबह 1 बजे तक काम करते हैं। वह हर दिन 8.5 घंटे सोते हैं, ताकि खुद को रिफ्रेस कर सकें। उन्होंने बताया कि वो अक्सर एक महीने में 300 से अधिक ऑर्डर पूरे करते हैं, जिनमें से प्रत्येक में औसतन 25 मिनट लगते हैं। कुल मिलाकर डिलीवरी के दौरान उन्होंने 324,000 किलोमीटर की दूरी तय की है। इसीलिए उनके साथियों ने उन्हें 'डिलीवरी किंग' नाम दिया है। झांग ने कहा कि उन्होंने अपनी कहानी ऑनलाइन इसलिए शेयर की है, क्योंकि वह अपनी उपलब्धि से खुश हैं। वह कहते हैं, 'आखिरकार मैंने कड़ी मेहनत करके अपने कर्ज चुका दिए हैं और काफी बचत भी कर ली है'।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com